झारखण्ड देखो

# Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 196 • दुमका • शनिवार, 24 जुलाई 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम रामगोपाल शर्मा

गुरुकुलम

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।

• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com

## संक्षिप्त समाचार

### शिल्पा को पता है कुंद्रा का राज

**मुंबई।** पोर्नोग्राफी केस में कारोबारी राज कुंद्रा के फंसने के बाद अब आंच उनकी पत्नी और अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी तक पहुंचती दिख रही है। शुक्रवार को मुंबई पुलिस राज कुंद्रा को लेकर उनके घर पहुंची और शिल्पा शेट्टी के सामने बिठाकर दोनों से लगभग चार घंटे पूछताछ की। शिल्पा के बैंक खाते भी पुलिस के रडार पर है।

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रान्च इस बात की पड़ताल कर रही है कि पति के 'गंदे धंधे' में शिल्पा की कोई भूमिका है या नहीं।

डायरेक्ट कोई पोर्न नहीं दिखाया, हाई कोर्ट में बोले राज कुंद्रा

इस बीच शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इससे पहले मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उन्हें एक सप्ताह के लिए यानी 27 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

### सुविचार

धन अगर अच्छाई के लिए उपयोग ना किया जाये तो ये बुराई की जड़ बन जाता है

• विवेकानंद

### गुड मॉर्निंग

संता को फांसी की सजा सुनाई गई...

जज ने पूछा - कोई आखिरी ख्वाहिश...?

संता - हमारी जगह तुम लटक जाओ..!!!

### बिजनेस

**सेंसेक्स**

52,975.80+138.59 (0.26%)

**निफ्टी**

15,856.05+32.00 (0.20%)

### दैनिक पंचांग

तिथिः पूर्णिमा - 08:06 ए एम तक
नक्षत्रः उत्तराषाढा - 12:40 पी एम तक
करणः बव - 08:06 ए एम तक
द्वितीय करणः बालव - 06:55 पी एम तक
पक्षः शुक्ल पक्ष
वारः शनिवार

केंद्रीय मंत्री के हाथ से पेपर छीनकर फाड़ने का आरोप

# टीएमसी सांसद शांतनु सेन पूरे सत्र के लिए सस्पेंड

नयी दिल्ली।एजेंसी

संसद के मानसून सत्र का चौथा दिन हंगामे की भेंट चढ़ता दिख रहा है। पेगासस जासूसी और कृषि कानूनों को लेकर सदन में हंगामे के चलते लोकसभा सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2.30 बजे तक के लिए स्थगित हुई है।

राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि सदन के घटनाक्रम से बहुत व्यथित हूं। दुर्भाग्य से, सदन की कार्यवाही के दौरान आईटी मंत्री से पेपर छिनकर उसे कई टुकड़ों में फाड़ दिया गया। ऐसा कृत्य सदन की कार्यवाही को निचले स्तर पर गिराने वाला है। इस तरह की कार्रवाई हमारे संसदीय लोकतंत्र पर स्पष्ट हमला है।

राज्यसभा में आज तृणमूल सांसद शांतनु सेन को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। सरकार ने उनके निलंबन का प्रस्ताव राज्यसभा में रखा। उन्होंने कल कळ मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव के हाथ से दस्तावेज लेकर फाड़ दिए थे। आज वैष्णव ने इस घटना पर कहा कि तृणमूल का बंगाल में हिंसा का कल्चर है और यही कल्चर वह सदन में लाने की कोशिश कर रही है। आईटी मिनिस्टर वैष्णव गुरुवार को सदन में पेगासस सॉफ्टवेयर के जरिए भारतीयों की जासूसी करने संबंधी खबरों और इस मामले में विपक्ष के आरोपों पर बयान दे रहे थे।

इसी दौरान शांतनु ने उनके हाथों से कागज छीन लिया और उसके टुकड़े कर हवा में फेंक दिए।

कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने पेगासस जासूसी के मामले पर लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। वहीं, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने किसान आंदोलन के मामले पर चर्चा के लिए राज्यसभा में नोटिस भेजा है। कांग्रेस के सभी सांसदों (लोकसभा और राज्यसभा) को संसद में सुबह 9.45 बजे बैठक के लिए बुलाया गया। ऐसा कहा जा रहा है कि इस बैठक में मानसून सत्र को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा हुई।

गुरुवार को संसद में दैनिक भास्कर ग्रुप पर इनकम टैक्स की रेड का मुद्दा विपक्ष ने जोर-शोर से उठाया। विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा में भास्कर ग्रुप पर इनकम टैक्स विभाग के छापों का विरोध किया और नारेबाजी की। इसके बाद सदन दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया। इसके बाद कार्यवाही शुरू हुई, लेकिन भारी हंगामे की वजह से सदन शुक्रवार के लिए स्थगित कर दिया गया था।



### हरदीप पुरी ने राज्यसभा में अपशब्द कहेः शांतनु सेन



राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल और केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी विपक्षी सदस्यों के पास पहुंचे और उन्हें आश्वासन दिया कि मंत्री अपना बयान देने के बाद उनके सवालों का जवाब देंगे, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। वैष्णव पूरा बयान नहीं पढ़ पाए तो इसे पटल पर रख दिया गया। वहीं, शांतनु सेन ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने राज्यसभा में उन्हें अपशब्द कहे और वे मारपीट करने वाले थे, लेकिन सहयोगियों ने उनको बचा लिया।

### राहुल गांधी ने गृह मंत्री शाह का मांगा इस्तीफा

नयी दिल्ली। एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने स्पायवेयर पेगासस द्वारा कथित जासूसी किए जाने को राजद्रोह करार दिया है। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। कांग्रेसी सांसदों के साथ राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया।

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने पेगासस का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के तौर पर



किया और मेरा भी फोन टैप हुआ है। उन्होंने कहा कि जासूसी कांड पर विपक्ष एकजुट है। इस पूरे प्रकरण के लिए सरकार को जिम्मेदार है। इस कारनामे पर गृहमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री के खिलाफ जांच होनी चाहिए।

राहुल गांधी ने आगे कहा, 'क्या हम, आप पेगासस खरीद सकते हैं? कौन इसे खरीद सकता है, कौन इसका इस्तेमाल कर सकता है, ये सरकार को स्पष्ट करना चाहिए।' वहीं, किसानों के मुद्दे पर राहुल गांधी ने कहा, 'तीनों नए कृषि कानून वापस होने चाहिए, बातचीत से कोई हल नहीं निकलना है।'राहुल गांधी ने दावा किया, 'राफेल मामले की जांच रोकने के लिए पेगासस का उपयोग किया गया।

## 'कैप्टन' बने सिद्धू

अमृतसर/एजेंसी।

पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नए प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू ने शुक्रवार को औपचारिक तौर पर अपनी जिम्मेदारी संभाल ली। चंडीगढ़ स्थित पंजाब कांग्रेस भवन में आयोजित समारोह में सिद्धू के अलावा चारों कार्यकारी प्रधानों कुलजीत नागरा, सुखविंदर सिंह डैनी, संगत सिंह और पवन गोयल की भी ताजपोशी की गई। मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए, लेकिन उनके और सिद्धू के बीच दूरियां साफ नजर आईं। डेढ़ घंटे चले प्रोग्राम में यूं तो कैप्टन और सिद्धू स्टेज पर अगल-बगल में बैठे थे, लेकिन दोनों के बीच न कोई बात हुई और न ही एक दूसरे से नजरें मिलाईं। यही नहीं कैप्टन ने तो अपने संबोधन में सिद्धू और उनके परिवार का जिक्र किया लेकिन सिद्धू ने अपने भाषण में कैप्टन का नाम तक नहीं लिया। इस प्रोग्राम में पंजाब कांग्रेस के प्रभारी हरीश रावत के अलावा पार्टी के ज्यादातर विधायक, प्रदेश सरकार के मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व पार्टी प्रधान और दूसरे बड़े नेता भी मौजूद थे।

Unique Id: JH/2021/0276302

SAICARE FOUNDATION

• Helping • Healing • Caring

We Always Believe To Help You In Any Way

Registered Add: Raj Bhawan, Office No: 02, Station Road, Latehar, Jharkhand - 829207

Corporate Add: Rajdhani Green Garden Parking, Nalanda Colony, Khajpura, Bailey Road, Patna – 800014

+91-9975800608, +91- 98253 10450, +91-9973578177 & +31-626703632

Web: www.saicarefoundation.com Email: saicareworld@gmail.com

THE VALUABLE OPPORTUNITY TO MAKE BUSINESS PERFECT

Admission Guidence

MBBS PHARMACY NURSING DIP. ENG (BIT MESRA) B.TECH
MBA LLB GRADUATION MASTERS PARA MEDICAL

Contact for any type of career and business consulancy & counselling

Private Ltd. Company. Registration
One Person Company. Registration
Sole Propietorship Registration
Startup India Registration
Partnership Firm Registration
US Incorporation Registration
UK Incorporation Registration
Dubai Incorporation Registration

Digital Signature
ISO Certification
MSME/SSI
FSSAI
IEC
EPF/ESI
GST
Trade Mark
& Many More....

Call Us: +91 8789416227

Time : 10:00 am to 2:00 pm

आवश्यकता

झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी जिलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

# मंदिर के लिए मस्जिद ने दी जमीन

वाराणसी/एजेंसी।



काशी विश्वनाथ धाम को भव्य बनाने में मुस्लिम समाज ने भी अपना योगदान दिया है। ज्ञानवापी मस्जिद पक्ष की ओर से मस्जिद से सटी 17 सौ स्क्वायर फीट जमीन को धाम के निर्माण के लिए लिखा-पढ़ी में मंदिर के पक्ष में दे दिया है। इसके बदले में मंदिर प्रशासन ने मुस्लिम समाज को एक हजार स्क्वायर फीट जमीन दी है।

शुक्रवार को मिली जमीन पर स्थापित जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम के ध्वस्तीकरण का काम भी शुरू हो गया। काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन और ज्ञानवापी मस्जिद पक्ष की ओर से बातचीत के दौरान जमीन हस्तांतरण पर सहमति बनी थी। जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया को मूर्त रूप देकर काम शुरू हो गया है। कोर्ट की सहमति के आधार पर हुए इस समझौते को बेहद अहम माना जा रहा है। इस जमीन पर फिलहाल जिला प्रशासन का कंट्रोल रूम स्थापित था। इसके साथ ही बाबा दरबार में 17 सौ वर्गफीट का और इजाफा हो गया है। ज्ञानवापी मस्जिद पक्ष की ओर से मंदिर प्रशासन को जमीन का 17 सौ वर्ग फीट हिस्सा काशी विश्वनाथ धाम को सौंपने के बाद मंदिर पक्ष द्वारा बांसफाटक के पास इसके बदले एक हजार स्क्वायर फीट जमीन दी गई है। काशी विश्वनाथ धाम परिसर में 17 सौ स्क्वायर फीट जमीन का यह हिस्सा निर्माण कार्य को भव्य स्वरूप देने में रोड़ा बना था। इस जमीन को लेकर कई बार आपस में दोनों पक्ष में बात हुई थी। आर्टिकल 31 के तहत एक्सचेंज ऑफ प्रॉपर्टी के तहत जारी दस्तावेजों में ई स्टांप के जरिए इस संपत्ति का हस्तांतरण किया गया है। इसमें काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन और अंजुमन इंतजामिया मस्जिद की ओर से नौ लाख 29 हजार रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाकर संपत्ति का हस्तांतरण किया गया है। जमीन की रिपोर्ट के अनुसार जमीनों का हस्तांतरण आदि विश्वेश्वर और ज्ञानवापी मस्जिद पक्ष की ओर से जमीनों की अदला-बदली के तौर पर की गई है।

मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने बताया कि मंदिर प्रशासन को 17 सौ वर्ग फीट जमीन मिली है। इससे धाम के क्षेत्र में जमीन का इजाफा भी हो गया है। इसके लिए पहले से ही सहमति बन गई थी। औपचारिकता पूरी करने के बाद जमीन मंदिर प्रशासन के नाम हो गई है और बदले में बांसफाटक के पास जमीन दी गई है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का सदस्य बनें

संतोष सिन्हा
जिला अध्यक्ष
राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), दुमका
मो. : 8210067708

प्रभाकर प्रसाद
अध्यक्ष
राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस पार्टी
झारखंड प्रदेश

मा. श्री राजा पीटर उर्फ गोपाल कृष्ण पातर
पूर्व मंत्री झारखंड सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### लोगों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया



**दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार मे गाँव पुसारो, जामा थाना की रहने वाली पानमुनी टुडू ने उपायुक्त को अपनी समस्या से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में उनके पुत्र की मृत्यु हो गयी है। उन्होंने उपायुक्त से सरकार द्वारा मिलने वाली राशि की मांग की। इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार कार्रवाई करने का निदेश दिया है। आयोजित जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडो से आकर लोगों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, सरकारी योजना का लाभ से संबंधित आवेदन लेकर लोग उपायुक्त से मिले। उपायुक्त ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए ही जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में सबसे ऊपर है।

### लोक जनशक्ति पार्टी की बैठक आयोजित, जिला अध्यक्षों की ही घोषणा




**दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक दुमका परिसदन में संपन्न हुई. जिसमें लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार राज एवं प्रदेश अध्यक्ष विकास रंजन उर्फ पप्पू सिंह मुख्य रूप से भाग लिया. बैठक में निर्णय लिया गया की संथाल परगना के सभी जिलों के लिए जिला अध्यक्षों की घोषणा की गई. जिसके तहत दुमका जिला अध्यक्ष के लिए मुनीलाल ताती, पाकुड़ के लिए रंजीत कुमार सिंह, साहिबगंज के लिए प्रमोद पासवान, जामताड़ा के लिए अलता देवी तथा गोड्डा के लिए राजकुमार मंडल को जिला प्रभारी बनाया गया. इसके अलावा गिरधारी झा को संथाल परगना प्रभारी, हेमंत श्रीवास्तव को प्रदेश महासचिव एवं दुमका प्रभारी आस्तिक शर्मा को दुमका जिला कार्यकारी अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया. बैठक में जिन प्रमुख लोगों ने भाग लिया उसमें लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार राज, प्रदेश अध्यक्ष विकास रंजन उर्फ पप्पू सिंह, दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, महिला दलित सेना की अध्यक्ष इंदिरा कुमारी, राजीव गुप्ता, अमित चालक, चंद्रशेखर राय हरिहर राय कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### भाजपा पूरी तरह से सांगठनिक पार्टी है- विनोद शर्मा




**दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** भाजपा दुमका नगर अध्यक्ष मृणाल मिश्रा की अध्यक्षता में कार्यसमिति की बैठक की गई. बैठक में मुख्यरूप से उपस्थित भाजपा झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष विनोद शर्मा ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा पूरी तरह से सांगठनिक पार्टी है. भाजपा के कार्यकर्ता अनुशाषित होते है, यहाँ आज भी पार्टी के अंदर लोकतांत्रिक व्यवस्था बनी हुई है. पार्टी राष्ट्रवादी सोच के साथ काम करती है और कहा कि हमे अपने काम के साथ - साथ सामाजिक उत्थान की चिंता करते हुए काम करते रहना चाहिए। आज देश शशक्त नेतृत्व मोदी के हाथों में है, हमें केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन - जन तक पहुँचाने का काम करना चाहिए, ताकि उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। कार्यक्रम में अनुज आर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि शुरू से जब जनसंघ था तब से लेकर आज तक पार्टी हमेशा राष्ट्रवादी विचार को लेकर काम करती आ रही। पार्टी का एक एक कार्यकर्ता निःस्वार्थ भाव से पार्टी के द्वारा जो भी कार्य दिया गया उसे निभाते आ रहे हैं।

कार्यक्रम में धन्यवाद एव समापन भाषण नगर उपाध्यक्ष जयंत साहा ने किया। कार्यक्रम में अमिता रक्षित, अखिलेश सिंह, रामावतार भालोटिया, संजय केशरी, किशोरेंद्र दास, अमित रक्षित, मनोज मंडल, ओम केशरी, नीतू झा, मनोज रक्षित, सुनील सिंह, मयंक सिंह, अमित मंडल, राजीव रंजन, नरेंद्र साह, उमेश गुप्ता, मंजू दास, रंजना उपाध्याय, रीना मंडल, पूनम साह, चाइना देवी, सुकला दास, पंकज वर्मा, आनंद कुमार, उषा दास, सुरज सिंह, रंजीत वर्मा, गोलू गुप्ता, दीपेन झा, विक्की पाठक, बिपुल कुमार, दीपक मंडल, अभिषेक कशयप, रोहित कुमार, भास्कर कुमार, गौतम मंडल, सूरज सिंह, राहुल कुमार, विवेक भगत, संजीव कुमार, अखिलेश कुमार, राजन कुमार एवं आदि मौजूद थे।

### पालोजोरी थाना के छोटा बाबू की डीआइजी से शिकायत

**दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** देवघर जिले के पालोजोरी थाना क्षेत्र के पहरूडीह गांव की तहमीना बीबी, पति इंताज आलम ने शुक्रवार को डीआइजी सुदर्शन मंडल को आवेदन देकर थाने के छोटा बाबू नागेंद्र शर्मा पर मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि पति की गैर मौजूदगी में जबरन नागेंद्र शर्मा ने घर में घुस गाली-गलौज किया और बक्सा से राशन कार्ड, आधार कार्ड समेत अन्य कागजात ले गए। आरोप लगाया कि जाते समय पति इंताज आलम और बेटे को झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी है। कहा कि यह सब गांव के मुखिया के रिश्तेदार भैंसुर लाल मोहम्मद के इशारे पर किया गया है। ग्रामीणों के जुटने पर नागेंद्र चले गए। बताया कि पति पूर्व में दो बार वर्तमान मुखिया से प्रतिद्वंद्वी के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं। इसलिए अब पुलिस की मदद लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़िता ने मामले में जांच कर कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# योजनाओं में वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर 24 घंटे के अन्दर भेजा जायेगा जेल-डॉ संजय सिंह

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)



**दुमका ।** उप विकास आयुक्त डॉ संजय सिंह द्वारा प्रखण्ड सरैयाहाट के ग्राम कोरदाहा में स्थानीय ग्रामीणों के साथ विभिन्न योजनाओं पर चर्चा एवं प्रखण्ड स्तरीय और क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।योजनाओं के संबंध में चर्चा एवं समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरैयाहाट को एक सप्ताह के अन्दर योग्य ग्रामीणों को वृद्धावस्था / विधवा / निःशक्तता पेंशन योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करने को कहा। यदि पंचायत सचिव द्वारा पेंशन हेतु लाभुक के चयन में अनियमितता बरती जाती है तो पंचायत सचिव के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। कहा कि मनरेगा एवं अन्य योजनाओं में वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर 24 घंटे के अन्दर भेजा जायेगा जेल। विद्यालय के शौचालयों विशेषकर महिला शौचालयों में पाईपलाईन के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय। चापाकल वाले विद्यालयों में पाईपलाईन एवं टैप के द्वारा बच्चों को पानी पीने की सुविधा के लिए सोलर आधारित पेयजलापूर्ति योजना का अधिष्ठापन 15वीं वित्त आयोग की राशि से किया जाय। कहा कि कोरदाहा ग्राम में निर्मित 06 जलमीनारों से पाईपलाईन के माध्यम से घरों तक जल की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय। इस कार्य को प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरैयाहाट एवं पीएच इडी के तकनीकी पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर माह- सितम्बर, 2021 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।प्रत्येक पंचायत सचिवालय, विद्यालय एवं अन्य सरकारी भवनों के दीवार पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ, मनरेगा मजदूरी की दर, शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी का मोबाईल नम्बर तथा आपात सेवाओं से जुड़े पदाधिकारी / कर्मी जैसे डॉक्टर, एएनएम, आंगनबाड़ी कर्मी का मोबाईल नम्बर अंकित किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी अहर्ताधारी गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ दिया जाय। चिकित्सा पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि कोरदाहा ग्राम शत-प्रतिशत किशोरियों का एनीमिया की जाँच की जाय। स्वस्थ किशोरी ही बाद में स्वस्थ महिला तथा स्वस्थ माता बन पाती है। आंगनबाड़ी सेविका को समाज कल्याण विभाग से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी नहीं होने के कारण उप विकास आयुक्त, दुमका द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सरैयाहाट को निदेश दिया गया कि सोमवार को सभी सेविकाओं एवं अन्य आंगनबाड़ी कर्मियों की बैठक बुलाकर उन्हें समाज कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं जैसे कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दें। साथ हीं उस बैठक का वीडियो क्लिप बनाकर उप विकास आयुक्त दुमका को समर्पित करें। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सरैयाहाट आंगनबाड़ी कर्मियों के माध्यम से कोरदाहा ग्राम में एक वर्ष के अन्दर शिशू को जन्म देने वाली महिलाओं का सर्वे करायें एवं यह पता करें कि संस्थागत या अस्पताल में प्रसव कराने वाली कितनी महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ दिया गया है एवं कितनी महिलाओं को उस लाभ से वंचित रखा गया है।उपस्थित ग्रामीण से वार्ता के क्रम के दौरान पता चला कि ग्रामीण महिलाओं / किशोरियों / अभिभावकों को महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी नहीं है।

उप विकास आयुक्त द्वारा सुझाव दिया गया कि प्रत्येक गाँव से 15-19 वर्ष की 05 किशोरियों को उनकी इच्छा से सामुदायिक सेवा हेतु पंजीकृत किया जाय एवं उन्हें पोषण / स्वास्थ्य / सफाई एवं महिलाओं तथा किशोरियों से जुड़ी अन्य योजनाओं की जानकारी दी जाय। उन्हें सम्यक रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाय। वें 05 किशोरियाँ गाँव के घर-घर तक जाकर महिलाओं एवं किशोरियों को उन सभी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगी। उनका निबंधन आंगनबाड़ी केन्द्र में करवायेंगी। उन्हें सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम करेंगी। इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।उप विकास आयुक्त दुमका द्वारा बताया गया कि डेढ़ साल से अधिक समय तक विद्यालय बन्द रहने के कारण जहाँ एक ओर ग्रामीण एवं वंचित माज के छात्रों का पढ़ाई बाधित हो गई है, वहीं शहरी छात्र ऑनलाईन के माध्यम से पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में ग्रामीण एवं वंचित समाज के छात्र पढ़ाई में शहरी छात्रों के अपेक्षा पीछे होते जा रहे हैं। इसलिए गाँवों में 12-12 छात्रों के समूह में बच्चों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ट्यूटोरियल कराया जाय। उप विकास आयुक्त, दुमका द्वारा बताया गया कि जिस भी गर्भवती महिला द्वारा प्रथम एएन सी कराया जाएगा उन्हें दीदी बाड़ी योजना तथा संस्थागत प्रसव के माध्यम से शिशु को जन्म देने वाली महिला को मनरेगा तहत सिंचाई कूप का लाभ दिया जायेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरैयाहाट इस कार्य को सुनिश्चित करायेंगे।

मौके पर दयानन्द जायसवाल, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सरैयाहाट प्रधान कार्यकारी समिति, ग्राम पंचायत, कोरदाहा, चिकित्सा पदाधिकारी, सरैयाहाट, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सरैयाहाट, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सरैयाहाट, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सरैयाहाट, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सरैयाहाट, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) एवं अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी / कर्मी उपस्थित थे।

## सीसीएस ने चंद्रशेखर आजाद के जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)




**दुमका ।** छात्र चेतना संगठन तुम का इकाई द्वारा छात्र नेत्री दुलारी मरांडी के नेतृत्व में पंडित चंद्रशेखर आजाद के जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह में मुख्य रूप से छात्र चेतना संगठन के केंद्रप्रमुख हिमांशु मिश्रा ने पंडित चंद्रशेखर आजाद के चित्रपट पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. वही मौके पर उपस्थित संगठन के अन्य अधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय प्रमुख हिमांशु मिश्रा ने कहा कि छात्र चेतना संगठन पंडित चंद्रशेखर आजाद को अपना आदर्श मानती हैं और उन्हीं के बलिदान दिवस के दिन संगठन की स्थापना हुई थी उन्होंने कहा कि पंडित चंद्रशेखर आजाद बचपन से ही क्रांतिकारी थे और ब्रितानी हुकूमत के विरुद्ध बिगुल फूंक चुके थे। उन्होंने खुद को आजाद रखने के लिए अंतिम वक्त में भी अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं किया और मां भारती के बलिबेदी पर अपने जीवन की आहुति दे दी। पंडित चंद्र शेखर आजाद से हम युवाओं को अपने स्वाभिमान की रक्षा करने का दायित्व सीखना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रभारी राजीव मिश्रा ने कहा कि पंडित चंद्रशेखर आजाद के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करना हर युवाओं का मुख्य दायित्व होना चाहिए क्योंकि पंडित चंद्रशेखर आजाद ने हमेशा युवाओं को नेक और ईमानदारी के रास्ते पर चलने का पाठ पढ़ाया और यह सिखाया कि खुद को आत्मनिर्भर बनाओ और किसी का गुलाम नहीं बना क्योंकि पंडित चंद्र शेखर आजाद हमेशा आजाद थे ना कि कभी किसी का गुलाम हो गए। मौके को संबोधित करते हुए प्रदेश खेल प्रभारी प्रशांत सिंह ने कहा कि छात्र चेतना संगठन एक ऐसा छात्र संगठन है जो राष्ट्रीयता से ओतप्रोत है और छात्र-छात्राओं के अंदर राष्ट्रीय प्रेम जागृत करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंटू ओझा, जिला मीडिया प्रभारी सौरभ कुमार, नगर प्रमुख प्रिंस राज वर्मा, नगर प्रभारी पीयूष राज, नगर महासचिव राकेश मिश्रा, नगर संयोजक आदित्य चौरसिया, सौरभ पाठक, मोहित ठाकुर, सनी बावरी, शुभम मिश्रा सहित अन्य सीसीएस योद्धा उपस्थित थे।

## सीएसपी संचालक ने चार ग्राहकों के खाते से बिना सूचना निकाले 56 हजार रुपये

**दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** रामगढ़ प्रखंड में विभिन्न बैंकों के सीएसपी संचालकों द्वारा अपने ग्राहकों से धोखाधड़ी करने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को भी कारूडीह पंचायत अंतर्गत जगतपुर एवं पिपरा गांव के चार लाभुकों के खाते से धोखाधड़ी कर 56000 रुपये की निकासी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत चारों लाभुकों ने शुक्रवार को रामगढ़ थाना में आवेदन देकर उक्त सीएसपी संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पिपरा गांव के अशोक राय के एसबीआई खाते से चांदनी चौक स्थित यस बैंक के सीएसपी से 10 जुलाई एवं 14 जुलाई को 10-10 हजार रुपये की निकासी कर ली गई है। जगतपुर गांव के वकील राय एवं कौशल्या देवी के एसबीआई खाता से 16 जुलाई को कारूडीह के सीएसपी से 10000 की निकासी की गई है। पिपरा गांव के रूपा देवी के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक खाता से चार जुलाई को 10 हजार एवं पांच जुलाई को 6000 की निकासी की गई है। जगतपुर गांव के सुमेश्वरी देवी के एसबीआई खाता से 12 जुलाई को 10 हजार की निकासी की गई है। इन सभी लाभुकों को उस वक्त मामले की जानकारी हुई, जब वह अपना पैसा निकालने सीएसपी गए। उन्हें पता चला कि उनके खाते से पूर्व में भी राशि की निकासी की जा चुकी है। इसके बाद सभी ग्राहकों ने रामगढ़ स्थित भारतीय स्टेट बैंक एवं झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में स्टेटमेंट निकलवा कर जानकारी हासिल की। इसमें पाया कि सभी राशि की निकासी एक दो आईडी से चांदनी चौक स्थित सीएसपी से ही की गई है। चांदनी चौक में दो सीएसपी संचालक द्वारा ही फर्जीवाड़ा कर राशि निकासी की गई है।

मामले में थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि चारों ग्राहकों द्वारा उनके खाता से सीएसपी संचालक द्वारा फर्जी ढंग से निकासी कर लेने की लिखित जानकारी दी गई है। वह पूरे मामले की जांच स्वयं कर रहे हैं। हालांकि इस मामले में अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

### कब्रिस्तान में खुदी मिली कब्र, ग्रामीण अचंभित

**दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिनरगढ़िया गांव में एक महिला की क्रब खुदाई का मामला शुक्रवार को सामने आया है। घटना को लेकर गांव में कई तरह की चर्चाएं हैं। बकरीद के दिन सुबह पिनरगढ़िया निवासी सुल्तान मियां उर्फ इदू मियां की पत्नी 35 वर्षीय ताजमूल बीबी घर के बगल में घास काट रही थी। इस दौरान उसे एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया। सुल्तान मियां पत्नी को इलाज के लिए बाइक से रामपुरहाट ले जा रहा था कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। शाम में शव दफनाया गया था। इधर, शुक्रवार की सुबह जब गाय-बैलों को चराने गए लड़कों ने देखा कि कब्र उखड़ी हुई है तो इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने बताया कि कब्र को बीच में लगे बांस को हटाकर उखाड़ा गया है और शव लेटने की जगह बैठने की मुद्रा में मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शव के कंधे पर 28 लिखा हुआ था। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। इधर, थाना प्रभारी सुशील कुमार का कहना है कि कब्र से छेड़छाड़ की बात पता चली है, लेकिन देर शाम तक किसी भी ओर से कोई आवेदन नहीं दिया गया है। बिना आवेदन के जांच उचित नहीं है।

## पीएम आवास योजना की भौतिक जांच में सभी आठ लाभुक अयोग्य घोषित

- उपायुक्त को आवेदन देकर जनसेवक पर लगाया था लाभुक चयन में रुपया मांगने का आरोप
- शिकायतकर्ता ही पाए गए अयोग्य, दबाव बनाने हेतु की थी शिकायत

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)



**दुमका।** जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार त्रिवेदी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के जिला समन्वयक अजय विल्सन, कनीय अभियंता एवं रांगालिया पंचयात के जनसेवक आशीष रंजन के साथ लाकड़ाघाटी, रांगालिया एवं कुकड़ीभाषा गांव के पीएम आवास योजना के ग्रामसभा मे पारित लाभुकों के मकान का भौतिक जांच किया हैं। जांच के समय वार्ड सदस्य सुकरुद्दीन सेख मौजूद थे। जिला योजना पदाधिकारी ने आठ लाभुकों के पूर्व के मकानों का भौतिक जांच किया हैं। जांच में सभी आठ लाभुक अयोग्य पाए गए है। बीते 16 जुलाई शुक्रवार को रांगालिया पंचयात के उन्नीस कथित लाभुको ने जिले के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला को आबेदन देकर पंचयात के जनसेवक आशीष रंजन पर लाभुक चयन में रुपये की मांग करने का आरोप लगाया था, जिला योजना पदाधिकारी त्रिवेदी उसी शिकायत की जांच करने पहुंचे थे। जांच में उन शिकायतकर्ता को अयोग्य लाभुक पाया गया हैं। यह भी प्रकाश में आया हैं कि अधिकांश शिकायत कर्ता को पूर्व में आवास मिला हैं। कई कथित लाभुक सम्पन्न हैं । एक लाभुक मिठू साहा पंचयात समिति के सदस्य प्रणव साहा की पत्नी है और सम्पन्न हैं, साथ ही बीरभूम जिला के सिउड़ी में उनका दो मंजिला मकान हैं। अयोग्य लाभुक जनसेवक को डरा धमका कर पीएम आवास की स्वीकृति करना चाहते थे।






## संक्षिप्त समाचार

### गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का हुआ अन्नप्राशन, आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया गया ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण मिशन

अमड़ापाड़ा(पाकुड़): प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया. इसमें गर्भवती महिलाओं को बच्चे के जन्म की तैयारी सहित अपनी देखभाल करने की जानकारी दी गई. साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और छह माह के बच्चों की अन्नप्राशन रस्म भी कराई गई. ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत केंद्र पर सात माह की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और छह माह के बच्चों के अन्नप्राशन की रस्म अदा की गई। गोद भराई के दौरान आंगनबाड़ी कर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को फल, मेवा और पोषाहार दिया और खीर बनाकर छह माह के बच्चों के अन्नप्राशन की रस्म अदा की. मौके पर आंगनबाड़ी कर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को बच्चे के जन्म की तैयारी के साथ झ साथ अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए जरूरी जानकारी दी। इस दौरान गांव की महिलाएं मौजूद रही.

### जिले में 1280 लोगों को लगाया गया टीका

पाकुड़: शुक्रवार को टीकाकरण कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों में कुल 1280 लोगों को टीका लगाया गया। 18 प्लस लोगों में पाकुड़ प्रखंड में 214, पाकुड़िया प्रखंड में 63, हिरणपुर प्रखंड में 110, अमड़ापाड़ा प्रखंड में 81, लिट्टीपाड़ा प्रखंड में 147 एवं महेशपुर प्रखंड में 250 लोगों को टीका लगाया गया। वहीं, 45 प्लस में पाकुड़ प्रखंड के 124, पाकुड़िया प्रखंड के 47, हिरणपुर प्रखंड के 68, अमड़ापाड़ा प्रखंड के 18, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के 73 एवं महेशपुर प्रखंड के 57 लोगों को टीका दिया गया। उपायुक्त वरुण रंजन ने जिलावासियों से अपील किया कि बारी आने पर टीका अवश्य लगाएं। बेवजह सड़कों पर नहीं निकले। मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करें।

### अज्ञात वाहन के बछड़ा को मारा धक्का, ग्रामीणों की की मुआवजे की मांग

पाकुड़: पाकुड़िया से महेशपुर जानेवाले मुख्य पीडब्ल्यूडी पथ परडुमरसोल गाँव के पास शुक्रवार दोपहर को एक अज्ञात वाहन के धक्के से गाय का एक छोटा बछड़ा बुरी तरह से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने 3 घण्टे तक पाकुडिया महेशपुर पाकुड सड़क को जाम कर आवागमन अवरुद्ध कर दिया और मुवावजे की माँग करने लगे। जाम के कारण दोनों तरफ दर्जनों वाहनों की कतारें लग गयी। जाम के बाद थाना प्रभारी चन्दन कुमार गुप्ता एवं अंचलाधिकारी किरण डांग पहुँचे ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम को दिन के करीब 2 बजे हटवाया। तब जाकर सड़क पर आवागमन बहाल हो सका।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया

पाकुड़: पाकुडिया प्रखंड सभागार में महिला पर्यवेक्षिका आगाता हांसदा एवं मंदोदरी देवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सबों से मासिक प्रतिवेदन जमा लिया गया और प्रधानमंत्री मातृ योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं सुकन्या योजना के बारे में विस्तार पूर्वक इसके लक्ष्य के बारे में बताया गया। मौके पर पिरामल स्वास्थ्य के प्रखंड परिवर्तन पदाधिकारी मनोज महतो के द्वारा पोषण ट्रैकर एवं दस्त के ऊपर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण एवं दिशा निर्देश दिया गया साथ ही कोविड -19 से बचाव हेतु नियमित रूप से मास्क लगाना एवं बार झबार अपने हाथों को साबुन से धोने के बारे में बताया गया।

### रंगदारी मामले के फरार अप्राथमिक अभियुक्त को छापेमारी कर किया गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत भेज दिया गया

पाकुड़। अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में दर्ज के रंगदारी मामले में फरार अप्राथमिक अभियुक्त मेघा देहरी को शुक्रवार को चिरुडीह गांव से पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। केस के अनुसंधानकर्ता मिथुन यादव ने बताया कि 20 फरवरी को बांसलोई नदी पर बन रहे पांच नंबर के डैम निर्माण करने वाले कंपनी के मुंशी और कर्मी से रंगदारी की मांग की गई थी. मुंशी के लिखित आवेदन पर थाने में 14/2021 रंगदारी का मामला दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि इस कांड में एक आरोपी को पहले ही जेल भेज दिया गया था. शुक्रवार 23 जुलाई को गोपीकांदर थाना क्षेत्र के चिरुडीह गांव में छापेमारी कर मेघा देहरी को गिरफ्तार किया गया। इस छापेमारी अभियान में एसआई संतोष यादव सहित पुलिस बल मौजूद थे।

# उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की, लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का दिया निर्देश

**पाकुड़:**

शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त वरूण रंजन की अध्यक्षता में पेयजल आपूर्ति योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा पेयजल आपूर्ति से संबंधित चर्चा, पेयजल स्रोतों की स्थिति, प्रति पंचायत 5-5 अदद नलकूपों की स्थिति, नलकूपों के सड़े राईजर पाइप बदलने की स्थिति, आदिम जनजाति टोलों में पेयजल आपूर्ति योजना की स्थिति, मुख्यमंत्री जन-नल



योजना अंतर्गत एससी/एसटी टोलों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति, लिट्टीपाड़ा मल्टी विलेज पाइप वाटर सप्लाई स्कीम की स्थिति रीमेनिंग वर्क ऑफ़ पाकुड़ अर्बन वॉटर सप्लाई स्कीम की स्थिति बहू ग्रामीण जलापूर्ति योजना में संग्रह जल नियोजन हेतु डिपीआर की स्थिति, आकांक्षी योजना अंतर्गत विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य उप केंद्रों में जलापूर्ति की स्थिति, अनाबध निधि अंतर्गत जलापूर्ति का कार्य, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूबन मिशन योजना अंतर्गत आरओ वाटर एटीएम का निर्माण इत्यादि से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई. जिसमें अंतर्गत निर्मित किए जा रहे शौचालय की स्थिति सामुदायिक स्वच्छता प-रसर से संबंधित प्रखंडवार तिथि, लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति ओडीएफ प्लस अंतर्गत किए जा रहे ऑनलाइन बेसलाइन सर्वे की स्थिति पर चर्चा करते हुए लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार, सहायक अभियंता अनुज कुमार मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक सुमन कुमार मिश्रा, रितेश कुमार, मो० इमरान आलम, जिला समन्वयक रौशन, कनीय अभियंता चंदन कुमार, श्रीराम उरांव, दिनेश मंडल समेत अन्य उपस्थित थे।

# पाकुड़ के वर्तमान परिस्थिति एवं संगठन पर विस्तृत चर्चा की गई

**पाकुड़:**




झामुमो जिला अध्यक्ष के आवासीय कार्यालय पर झारखण्ड छात्र मोर्चा के पुर्व जिलाध्यक्ष प्रो. निर्मल मुर्मू और डॉ अविनाश हांसदा (सहायक प्राध्यापक एसपी कॉलेज दुमका) ने झामुमो जिला अध्यक्ष श्याम यादव से शिष्टाचार मुलाकात की. मुलाकात के दौरान पाकुड़ के वर्तमान परिस्थिति एवं संगठन पर विस्तृत चर्चा की गई। जबकि पूर्व छात्र युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं डॉक्टर अविनाश हसदा ने वर्तमान सरकार से लोगों की उम्मीदें कैसे पुरी इस संबंध में गहन मंथन किया। जिस पर पर जिलाध्यक्ष श्याम यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार आदिवासी और मुलवासियों की सरकार है। महामारी के कारण कार्यों में कुछ बाधा जरूर उत्पन्न हुई थी परंतु अब झारखंड सरकार तेजी से कार्यों को गति प्रदान करने में लगी हुई है। साथ ही उन्होंने आम लोगो से धैर्य न खोने की अपील की. झारखंड सरकार आम जनता के आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। मौके पर जिला संयुक्त सचिव महमूद आलम, आमड़ापाड़ा प्रखण्ड अध्यक्ष श्यामलाल टुडू, सचिव जहीरूद्दीन अंसारी, प्रकाश सिंह, साबू सेख एवं झामुमो के कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

## 160 लाख मत्स्य स्पॉन स्टोन पिट में संचयन किया गया



**पाकुड़:**

शुक्रवार को सरकारी मालपहाड़ी खदान परित्यक्त स्टोन पिट (पत्थर खदान) दाग नंबर 226 एवं 270 कुल रकबा 123 एकड़ में जिला मत्स्य पदाधिकारी के द्वारा मत्स्य स्पॉन संचयन प्रथम बार कराया गया। इस स्टोन पिट में 20 से 25 फीट पानी सालों भर रहता है तथा वहां के स्थानीय मत्स्य पालकों का उत्थान हेतु सरकार के पास केज निर्माण हेतु प्रस्ताव भी भेजा गया है। मछली पालन को बढ़ावा देने हेतु आज 160 लाख मत्स्य स्पॉन स्टोन पिट में संचयन किया गया है। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी श्री मुनेंद्र दास, जिला मत्स्य पदाधिकारी संजय कुमार गुप्ता, कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग दिनेश मंडल मत्स्य प्रसार पदाधिकारी श्री सुशील हांसदा, मालपहाड़ी पंचायत के मुखिया मंगल हांसदा एवं अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## नवपदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी का झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत।

**पाकुड़:**



पाकुड़िया नवपदस्थपित प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार का झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शमोतीलाल हाँसदा के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चो के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बुके देकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। साथ ही झामुमो प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने पाकुड़िया प्रखंड की क्षेत्रीय समस्याओं पर अपनी बात प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखा। जिसे प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने प्राथमिकता देते हुए कहा की जल्द ही जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर समस्याओं का हल कर लिया जाएगा। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की अभी हम सब के सामने कोविड-19 जैसी महामारी है और इसका रोकथाम का एक मात्र उपाय वैक्सीन ही है। प्रखंड में वैक्सीनेशन के कार्य मेंऔर तेजी लाई जायेगी तथा प्रचार-प्रसार कर के लोगों को वैक्सीन का टीका लगवाने के लिएजागरूक करना होगा ताकि कोरोना जैसा महामारी से हम सब बच सकें।

## बीटीटी, सहिया साथी एवं सहियाओ को दिया गया प्रशिक्षण

**(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)**




**दुमका।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीश्वर के सभागार में शुक्रवार को बिशेष पहचान एवं स्क्रीनिंग ड्राईव को लेकर बीटीटी, सहिया साथी एवं सहियाओं को प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में सादीपुर, आसनबनी, गोबिंदपुर, पाटजोड़ एवं हरिपुर क्लस्टर की सहियाओं को डा. हर प्रसाद मुखर्जी एवं डां आजाद शेखर पंडित ने प्रशिक्षण दिया हैं। 26 जुलाई से एक अगस्त तक यहा आर बी एस के तहत स्पेशल आईडेंटिफिकेशन एंड स्क्रीनिंग ड्राईव चलाया जायेगा। शेष पांच क्लस्टर क्रमश बिलकांदी, रांगालिया, बृन्दाबानी, तालडांगाल एवं दखिनजोल के सहियाओं को शनिवार को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## डॉ विनोद राष्ट्रीय वेबिनार में मुख्य वक्ता होंगे

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर (नैदानिक मनोवैज्ञानिक) सह विश्वविद्यालय स्तरीय 'तनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ' के सचिव डॉ विनोद कुमार शर्मा विनोबाभावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से सम्बद्ध लंगटा बाबा कॉलेज, गिरिडीह, झारखंड के मनोविज्ञान विभाग व आई क्यू ए सी यूनिट के द्वारा आयोजित एक दिवसीय 'राष्ट्रीय वेबिनार ' में मुख्य वक्ता होंगे। सिकामु विवि के मनोविज्ञान विभाग के लोकप्रिय शिक्षक डॉ विनोद कुमार शर्मा इस राष्ट्रीय वेबिनार में 'कोविड-19 एंड साइकोलॉजिकल स्ट्रेस अमंग कॉलेज स्टूडेंट्स' विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। यह कार्यक्रम अगामी 26 जुलाई 2021 को दोपहर 12 बजे जूम प्लेटफॉर्म पर आयोजित किया जाएगा। ध्यातव्य है कि डॉ शर्मा इससे पूर्व भी कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय वेबिनारों में अपनी सारगर्भित प्रस्तुति दे चुके है।

## एसपी कालेज में बनेगा आंतरिक क्रीड़ा प्रशाल



**दुमका/ (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।**

संताल परगना महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य डा. खिरोधर प्रसाद यादव कि अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी वर्ष में नैक, महाविद्यालय परिसर के विकास कार्यों तथा शैक्षिक गतिविधियों को बेहतर बनाने को लेकर कई प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। पारित किए गए प्रस्तावों में महाविद्यालय परिसर में सफाई और रंग रोगन का कार्य, परीक्षा प्रशाल की सफाई तथा आंतरिक क्रीड़ा प्रशाल का निर्माण, पुस्तकालय के आटोमेशन तथा पुराने प्राचार्य कक्ष का जीर्णोद्धार शामिल है। इसके अलावा समिति ने महाविद्यालय द्वा-रा एक वेब पत्रिका के प्रकाशन को भी अनुमति प्रदान की। महाविद्यालय में विभिन्न विषयों की परास्नातक की पढ़ाई आरंभ किए जाने को लेकर प्रस्ताव विश्वविद्यालय को भेजने का निर्णय भी लिया गया। प्राचार्य डा. खिरोधर ने कहा कि महाविद्यालय को बेहतर दिशा में संचालित किए जाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। बैठक में डा. शंभू कुमार सिंह, डा. धनंजय मिश्र, डा. पूनम हेंब्रम, प्रो. इंद्रनील मंडल, मरियम टुडू तथा संगीता गांगुली उपस्थित थीं।

# लोक जनशक्ति पार्टी पाकुड़ के लिए रंजीत कुमार सिंह जिला अध्यक्ष मनोनीत

**पाकुड़:**

लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश की एक महत्वपूर्ण बैठक दुमका परिसदन में संपन्न हुई. जिसमें लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार राज एवं प्रदेश अध्यक्ष विकास रंजन उर्फ पप्पू सिंह मुख्य रूप से भाग लिया. बैठक में सर्वसम्मति से या निर्णय लिया गया की संथाल परगना के सभी जिलों के लिए जिला अध्यक्षों की घोषणा की जाए. जिसके तहत दुमका के लिए मुनीलाल ताती, पाकुड़ के लिए रंजीत कुमार सिंह, साहिबगंज के लिए प्रमोद पासवान जामताड़ा के लिए अलता देवी तथा गोड्डा के लिए राजकुमार मंडल को प्रभारी बनाया गया. इसके अलावा




गिरधारी झा को संथाल परगना प्रभारी, हेमंत श्रीवास्तव को प्रदेश महासचिव एवं दुमका प्रभारी गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे उपेंद्र शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष, राजधनवार के सुधीर अग्रवाल को प्रदे-श महासचिव, साहेबगंज के आकाश पांडे को प्रदेश संगठन सचिव, आस्तिक शर्मा को दुमका जिला कार्यकारी अध्यक्ष, विनीत कुमार को गिरिडीह जिला अध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया. आज की बैठक में लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार राज. प्रदेश अध्यक्ष विकास रंजन उर्फ पप्पू सिंह. दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश पासवान. महिला दलित सेना की अध्यक्ष इंदिरा झुमका, कुमारी राज कुमार मंडल, धनबाद जिला अध्यक्ष मुद्रिका पासवान, गिरिडीह जिला अध्यक्ष विनीत कुमार, प्रमोद पासवान, आकाश पांडे, राजीव गुप्ता, अमित चालक, चंद्रशेखर राय, हरिहर राय सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## भाजपा की बैठक, पार्टी संगठन विस्तार एवं मजबुती बनाने पर जोर

**पाकुड़:**

पथरडांगा सामुदायिक भवन में भाजपा मंडल कार्यकारिणी की पहली बैठक मंडल अध्यक्ष विजय भगत की अध्यक्षता में की गई. बैठक में प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन, तपन मंडल जिला उपाध्यक्ष की उपस्थिति में शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। इससे पूर्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर वन्देमातरम गीत के साथ बैठक का शुभारम्भ किया गया। पूर्व विधायक श्री सोरेन ने अपने वक्तव्य में संगठन विस्तार एवं मजबुती हेतु कार्यकर्ताओं मागदर्शन किया। बैठक प्रभारी ने काम काज का जायजा लेते हूए आगे के लिये दिशा



निर्देश दिया। वहीं जिला उपाध्यक्ष तपन मंडल ने सभी कार्यकार्ताओ को एक जुट होकर भ्रष्ट, तोलाबाज एवं निकम्मी सरकार को उखाड़ फेखने के लिए एक जुटता से कार्य करने का सलाह दिया। बैठक का संचालन वर्षण टूडू ने किया। मौके पर प्रकाश यादव, प्रकाश मुर्मू, अभिमन्यु भाड़ा-री, उमा शंकर सिंह, अजय ठाकुर, बिटिया मुर्मू, शुकलाल मिर्धा, संजीव भगत, जालेश्वर मुर्मू, पुष्पलता मुर्मू, मर्शिला वास्की, मनिका हेम्ब्रम आदि अन्य वरिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार के निजीकरण नीति का विरोध करते हुए मनाया राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस

**गिरिडीह/संवाददाता**

एलआईसी के कर्मचारियों ने अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आवाहन पर राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस मनाया। बीमा कर्मचारी संघ के सदस्यों के द्वारा भोजनावकाश में एलआईसी गेट पर द्वार प्रदर्शन किया तथा केंद्र सरकार के नीजिकरण के नीति एवं एलआईसी के आईपीओ के माध्यम से शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने के निर्णय के खिलाफ नारेबाजी किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संघ के सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि आज हमलोग राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस मना रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि एलआईसी देश की सबसे मजबूत आर्थिक संस्थान है, जो देश के विकास में लगातार 65 वर्षों से अपना अहम योगदान देता आ रहा है। एलआईसी देश के सैकड़ों सार्वजनिक और निजी कंपनियों में अपना निवेश कर रखा है। देश में रोजगार सृजन करने तथा आम जनता को आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने में एलआईसी अग्रणी भूमिका निभा रही है, ऐसे संस्थान का आईपीओ के माध्यम से शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने का केंद्र सरकार का निर्णय आत्मघाती है। हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं। साथ ही साथ संघ यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी का निजीकरण, बैंकिंग और बीमा क्षेत्र का निजीकरण का भी विरोध करती है। रक्षा सेवा को एस्मा के अंतर्गत लाने के लिए केंद्र सरकार ने अध्यादेश जारी किया है। केंद्र सरकार के इस एकतरफा निर्णय का भी विरोध किया जा रहा है। इन तमाम मुद्दों को लेकर आज राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में संजय शर्मा, विजय कुमार, अनुराग मुर्मू, संहीता सरकार, कुमकुम वाला बर्मा, डेनियल मरांडी, राजेश कुमार उपाध्याय, उमा नाथ झा, राजेश कुमार, रोशन कुमार, श्वेता, विनय कुमार, सुनील कुमार वर्मा, अभय कुमार श्वेता कुमारी, अंजलि श्वेता, दीपक पासवान, नीरज कुमार सिंह, अनिल कुमार वर्मा, प्रवीण हसदा, नीतीश कुमार गुप्ता, प्रीतम कुमार, अंशु सिंघानिया, सबा परवीन, प्रभाष शर्मा, गौरव कुमार, संजय कुमार शर्मा, महेश्वरी वर्मा, प्रदीप कुमार पंकज कुमार, सहित सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।




## संक्षिप्त समाचार

### विधायक कक्ष में शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के निर्देश पर लगा जनता दरबार



**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड कार्यालय में स्थित विधायक कक्ष में सूबे के शिक्षामंत्री सह स्थानीय विधायक जगरनाथ महतो के निर्देश पर झामुमो के स्थानीय नेताओं ने जनता दरबार लगाकर लोगों के फरियादों को सुन उसके समाधान का आश्वासन दिया। जनता दरबार में जिप अध्यक्ष राकेश महतो जिप सदस्य भोला सिह, राजकुमार पाण्डेय, कैलाश चौधरी, राजकुमार महतो, डेगनरायण महतो, कारी बरकत अली, जगदीश महतो, बबलू महतो, पंकज महतो, सुभाष महतो, टहल साव, विश्वनाथ महतो आदि उपस्थित थे। दुरभाष के माध्यम से शिक्षामंत्री ने सभी लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश साथ ही लोगों की समस्याओं को सुन उसके समाधान की दिशा में पहल करने का निर्देश कार्यकर्ताओं को दिया। जनता दरबार में चीनो, चैनपुर, घुटवाली, डुमरी, मधगोपाली से वृद्धावस्था पेंशन का आवेदन आया जबकि घुटवाली से दो परिवारिक लाभ का आवेदन आया।

### वैक्सीन के प्रति छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**धनबाद । संवाददाता।** शहर के कई स्कूल, कॉलेज एवं आईआईटी संस्थान के छात्र-छात्राओं ने संजीवनी मुहिम के तहत वैक्सिनेशन को ले जागरूकता कार्यक्रम चलाया। इस कड़ी में स्टेशन रोड से रणधीर वर्मा चौक तक रैली निकाली गई। रणधीर वर्मा चौक पहुँचकर रैली नुक्कड़ नाटक में तब्दील हुई। नुक्कड़ नाटक के जरिये वैक्सीन नही लेने पर कोरोना के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया। बताया गया कि प्रॉपर मास्क नही पहनने वाले तथा वैक्सीन जिन्होंने नही लिया है, उसपर आसानी पूर्वक कोरोना महामारी अटैक करता है। जिसके परिणाम घातक हो सकते है। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने भी इस जागरूकता कार्यक्रम में भागीदारी दी। विधायक ने छात्र- छात्राओं के इस मुहिम की प्रशंसा की।

### चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई गई

**धनबाद । संवाददाता।** शुक्रवार को रामकनाली पार्श्वनाथ उद्यान ग्रीन पार्क में कोयला कर्मीयों की ओर से महा- क्रान्तिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद और बालगंगाधर तिलक की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम भगवान पार्श्वनाथ उद्यान में स्थित शहीद चन्द्रशेखर आजाद एवं राष्ट्रवादी बालगंगाधर तिलक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम का पार्क इंचार्ज सुरेन्द्र राम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए परमानंद रजक-फोरेस्टर अधिकारी, रितेश रंजन पर्यावरण अधिकारी, मुखिया सुरेश कुमार महतो अधिवक्ता भैरवनाथ महतो, मीना कुमारी, मोहन नायक, हरिश पाल, अविनाश कुमार, शिक्षक मानिक महतो, संजय महतो, जीतेन्द्र दुबे, राज कुमार ओझा, गंगाधर महतो, अरूण रवानी, सुमन बीपी आदि दर्जनों लोगों ने आजाद और बालगंगाधर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा पर सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया।

### भामस सबसे बड़ी मजदूर संगठन है, भामस ने मनाया स्थापना दिवस

**धनबाद /कतरास । संवाददाता।** शुक्रवार को भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर गोबिन्दपुर क्षेत्र के सभी शाखा मे झंडोतोलन किया गया। आज ही के दिन 23 जुलाई 1955 को स्वर्गीय दाँतोपंत ठेंगड़ी के द्वारा संगठन की स्थापना की गई थी।। धकोकस के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि आज कितने भी संगठन के होते हुए भी भामस सबसे बड़ा संगठन है। यह मजदूरों का मजदूरों के लिए मजदूरों द्वारा संचालित संगठन है। मौके पर मुरारी तांती,सुरेश यादव, महेंद्र नाथ राम, गजेंद्र कुमार, चंद्रशेखर महतो, पिनाकी मित्रा आदि थे।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सहिया को दिया गया प्रशिक्षण

**गावां/गिरिडीह/संवाददाता।**



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समुसायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां में सहियाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ काज़िम कहाँ ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एक महत्वाकांक्षी योजना है जो बच्चों के जीवन की समग्र गुणवत्ता को ऊपर उठाने के लिए कार्य कर रहा है और उन्हें अपनी सम्पूर्ण क्षमता को पाने योग्य बनाने के लिए प्रयासरत है। साथ ही उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम समुदाय के सभी बच्चों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में जन्म से अठारह वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य की जाएगी जिसमे जन्मजात रोग, कमियां, बीमारियां, विकास में देरी आदि 32 रोगों की जांच की जाती है ताकि इन रोगों का शीघ्र पता लगाया जा सके और बीमार बच्चो का प्रबंधन किया जा सके एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सके। साथ ही इसमे बच्चो की निःशुल्क सर्जरी भी शामिल है।

इन चार श्रेणियों में श्रेणीबद्ध रोगों को 4 डी के नाम से भी जाना जाता है। प्रशिक्षण के दौरान सभी को दिशा निर्देश दिया गया कि अपने अपने क्षेत्रों में जीरो से 18 वर्ष के बच्चों की बीमारियों को चिन्हित कर स्वास्थ्य केंद्र में सूची उपलब्ध कराए ताकि उनका समुचित इलाज किया जा सके। मौके पर बीपीएम प्रमोद बरनवाल, बीटीटी उषा देवी समेत दर्जनों सहिया उपस्थित थी।

### फरार अभियुक्त रेम्बा निवासी रामचंद्र राम पुलिस की गिरफ्त में



**जमुआ/गिरीडीह।** हीरोडीह कांड संख्या 57/21 के अभियुक्त रामचन्द्र राम पिता लूटन राम को पुलिस ने गुरुवार शाम रेम्बा निवासी को अवैध महुआ शराब के साथ पकड़कर जेल भेज दिए बताया जा रहा है कि बीते शाम आठ बजे रात को हीरोडीह थानेदार आर एस पाण्डेय के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें कठवारा गाँव से लगभग दस क्विंटल महुआ जावा को नष्ट किये वहीं लगभग पचास किलो बनी शराब को भी जप्त किया गया। वहीं पुलिस ने दो गैस भठी शराब बनाने की उपकरण सहित कई तरह की समान बरामद किए इस दौरान पुलिस को देखकर उक्त जगह के कारोबारी भागने में सफल रहे वही दूसरी रेम्बा में भी छापेमारी की गयी जहाँ से एक क्विंटल महुआ जावा नस्ट की गयी इस जगह से लगभग चालीस किलो बनाया शराब भी जप्त की गई। तथा पुलिस ने रामचन्द्र राम को गिरफ्तार रात में ही कर ली जिसको पुलिस ने सुबह ही जेल भेज दी इस अभियान में शामिल ए एस आई ओमप्रकाश सिंह शैलेन्द्र कुमार एस आई मोनू कुमार गौरव भगत आदि लोग थे।

### अनियमितता बरतने वाले पीडीएस डीलरों पर होगी कार्यवाईः एसडीएम



**गिरिडीह।** गावां प्रखण्ड में संचालित कई पीडीएस दुकानों का शुक्रवार को खोरीमहुआ एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखण्ड के पटना, बाडीडीह, सांख, मालडा आदि गांवों में संचालित पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किये और आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

बता दे कि गावां प्रखण्ड में संचालित कई पीडीएस दुकानों में अनियमितता बरतने की खबरे कई बार प्रकाश में आ चुका है। इसी संदर्भ में आज निरीक्षण के दौरान लगभग आधा दर्जन पीडीएस दुकानों में अनियमितता देखी गयी जिससे नाराज एसडीएम ने सम्बंधित दुकान के संचालकों पर कार्यवाई की बात भी कहे। कहा की किसी भी हाल में गरीबो के हक को नही छीना जाएगा और मनमानी करने वाले दुकानदारों पर निश्चित तौर पर कार्यवाई की जाएगी।

# विद्यालय प्रबंधन समिति की हुई गठन, अध्यक्ष बनीं सुनीता देवी

**बेंगाबाद/गिरिडीह /संवाददाता**



स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के अधिसूचना संख्या-230/ स०को-राँची, दिनांक-21/04/2021 एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गिरीडीह के पत्रांक 620,दिनांक 06/07/2021 के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को पर्यवेक्षक संत कुमार राम की उपस्थिति में उत्क्रमित उच्च विद्यालय छोटकी खरगडीहा में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सभा की अध्यक्षता छोटकी खरगडीहा पंचायत के प्रधान महेन्द्र प्रसाद वर्मा ने किया। सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद के लिए मसोमात सुनिता देवी एवं उपाध्यक्ष पद के लिए केवल पंडित का चयन किया गया। अभिभावक विणा देवी, आरती कुमारी वर्मा, शकुंतला देवी, जहीरुद्दीन अंसारी, सोनिया बीबी, भुनेश्वर प्रसाद साव, कामदेव प्रसाद वर्मा, चिंतामणि साव, मनोज पंडित, सुनीता देवी, केवल पंडित का चयन सदस्य के पद पर किया गया। बैठक में प्रधानाध्यापक उमा शंकर राम, शिक्षक राधे यादव, परवेज आलम, प्रताप कुमार, बिरंचि कुमार नायक ग्रामीण बाबूचंद साव, दुलारचंद पंडित, भागीरथ साव, यमुना पंडित समेत सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

# कांग्रेस का कार्यकर्ता मिलन समारोह सम्पन्न, सैंकड़ो ने थामा कांग्रेस का दामन

**गिरिडीह।**



गावां प्रखंड के गद्दर पंचायत में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव सह धनवार विधानसभा प्रभारी मरगुब आलम उपस्थित हुए।

प्रभारी मरगूब आलम ने सर्वप्रथम पार्टी में शामिल होने वाले सभी साथियों को कांग्रेस पार्टी का झंडा देकर जन्हें गर्मजोशी के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाया और पार्टी में स्वागत किया।

उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि लोगो से सेकुलरिज्म के नाम पर वोट लेकर धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी ने धनवार की जनता के साथ छल किया है। आज क्षेत्र के विधायक राँची में हैं तो सांसद दिल्ली में इन्हें तो बस सत्ता चाहिए था, इन्हें मेरे और आपके सुख दुख से कोई मतलब नहीं है। लेकिन याद रहे कि वक्त आने पर ऐसे लोगों को जनता जवाब जरूर देगी। मिलन समारोह में मो एहसान, मो0 समसेर, मो अकबर, धनेश्वर मिस्त्री, मो गयास, मो आरिफ मो0 जुल्फेकार, आदि सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता लिए। मौके पर प्रखंड अल्पसंख्यक चेयरमैन जीशान खान, रणधीर चौधरी, मुकेश चौधरी, शब्दर अली आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# लोहेडीह पंचायत के पंचायत भवन में झामुमो युवा पंचायत प्रभारी का हुआ गठन



**गिरिडीह/संवाददाता।**

डुमरी प्रखंड के लोहेडीह पंचायत के पंचायत भवन में झामुमो युवा पंचायत प्रभारी का गठन राज कुमार मेहता प्रखंड अध्यक्ष युवा मोर्चा डुमरी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक की संचालन घनश्याम महतो जी ने किया, पंचायत कार्यवाही संचालन भोली महतो जी ने किया। नारायण महतो ने सभा को संबोधित किया।

सर्वसम्मति से लोहेडीह पंचायत प्रभारी का चयन हुआ जिसमे अध्यक्ष- योगेश कुमार, सचिव- अनिल कुमार, उपाध्यक्ष- होरील कुमार, उदय कुमार दास, मीडिया प्रभारी- विभूति कुमार।

सभी युवा साथियों व पंचायत प्रभारियों का डुमरी प्रखंड युवा मोर्चा सम्मानित एवं स्वागत करती हैं। सभा मे युवा मोर्चा प्रखंड उपाध्यक्ष उमाशंकर महतो, सचिव- घनश्याम महतो, अनुमंडल सचिव सोनू सोहेल, कुलगो उतरी पंचायत अध्यक्ष गंगाराम महतो, राजू महतो एवं काफी संख्या में लोहेडीह के युवा उपस्थित थे।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को उतारा मौत के घाट, हत्या के बाद शव को सैप्टिक टैंक में फेंका, एक महीने बाद शव बरामद

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)







**दुमका।** जिला के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के मंडलडीह गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी और हत्या के बाद शव को सेप्टिक टैंक में फेंक दिया। हत्या की यह वारदात 24 जून की रात को ही घटित हुई लेकिन मामले का खुलासा एक महीने बाद यानि शुक्रवार के दिन हुआ। दरअसल मंडलडीह निवासी सोनू पोद्दार गुजरात में रहकर मजदूरी करता था। 24 जून को वह घर आया था लेकिन उसके बाद ग्रामीणों को वह कभी नजर नहीं आया। महीनों बाद घर आने के बावजूद ग्रामीण जब सोनू को नहीं देखे तो ग्रामीणों को शक हुई और कल शाम ग्रामीणों ने बैठक बुलाई और सामूहिक रूप से सोनू के गायब होने की सूचना थाना को देने का निर्णय लिया। मंडलडीह के ग्रामीणों ने आज लिखित आवेदन थाना को दिया जिसके आधार पर थाना द्वारा अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस को ग्रामीणों से यह भी सूचना मिली थी कि सोनू की पत्नी गौरी देवी का अवैध संबंध मरकुंडा गांव निवासी रविकांत मिस्त्री के साथ है। पुलिस ने आज गौरी तथा उसके प्रेमी रविकांत मिस्त्री को थाना बुलाया। कड़ाई से पूछताछ में दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसके बाद पुलिस कड़ी मशक्कत के बाद शव को सेप्टिक टैंक से बाहर निकाला। सूत्रों की माने तो गुजरात से घर आने के बाद गौरी देवी ने अपने पति सोनू को बताया कि कोरोना का इंजेक्शन लेना जरूरी है क्योंकि आप बाहर से आए हैं। उसके बाद गौरी ने 24 जून की शाम अपने प्रेमी रविकांत मिस्त्री को बुलाया जो ग्रामीण चिकित्सक भी है। कोरोना के इंजेक्शन के बदले सोनू को बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया और जब वह बेहोश हो गया तो टांगी से उसके सर पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी गई और शव को बोरी में बंद कर सेप्टिक टैंक में डाल दिया गया। बहरहाल, पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### एमभीआई ने किया तीन ट्रक एवं एक पिकअप वैन जब्त

**दुमका।** मोटर यान निरीक्षक दुमका द्वारा शुक्रवार को रानीश्वर थाना क्षेत्र का सघन दौरा कर तीन ट्रक एवं एक पिकअप वैन को जब्त कर थाना को सुपुर्द किया गया हैं। बताया कि कागजात की जांच कर ×फाईन लेकर वाहनों को छोड़ा जायेगा।

### कोविड चेकपोस्टों पर होगी आईआरबी के जवानों की तैनाती

**दुमका।** पुलिस अधीक्षक अंबर लकड़ा के निर्देशानुसार इंडियन रिजर्व बटालियन के 25 जवानों को कोविड 19 चेक पोस्टो में प्रतिनियुक्त किया गया हैं। इन जवानों को दिगुली, महेशखाला, कलाकाटा बांसबोना के चेक पोस्ट में तैनाती हेतु एसपी अम्बर लकड़ा के निर्देश पर थाना भेजा गया हैं।

### रेड क्रॉस भवन में नि:शुल्क आयुष्मान हृदय रोग चिकित्सा शिविर आज

**दुमका।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी दुमका शाखा के सचिव अमरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि रेड क्रोस सोसाइटी और मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार 24 जुलाई को दिन के 11 बजे से 3 बजे तक मेडिका के कंसलटेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ राजेश कुमार द्वारा हार्ट फैलियर, छाती दर्द, सांस में तकलीफ, दिल में छेद, वैल्व रोग, बाईपास सर्जरी, नस में सूजन, अचानक बेहोश होना, जी घबराना, रक्त नाली में खून जमना, पेसमेकर, एंजियोग्राफी, एनजीओ प्लास्टी एवं हृदय से संबंधित सभी जटिल रोगों का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत मेडिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कोलकाता में किया जाएगा। संयुक्त सचिव मनोज कुमार घोष ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसका लाभ सभी जरूरतमंद लोग उठा सकते हैं।

### चौकीदारों की ड्यूटी को लेकर अंचलाधिकारी के आदेश से संशय की स्थिति

- **सीओ के आदेश के बाद चौकीदार नहीं कर रहे थाना में ड्यूटी, कामकाज प्रभावित**




**दुमका (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** अंचल अधिकारी शिकारीपाड़ा के एक आदेश से पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुशील कुमार की परेशानी बढ़ गई है. थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व निर्धारित नियमानुसार ग्रामीण पुलिस(चौकीदार) थाना आते थे और अपने बीट से संबंधित सभी प्रकार की सूचनाएं थाना को देते थे, लेकिन वर्तमान अंचल अधिकारी राजू कमल द्वारा यह आदेश दिए जाने के बाद कि मैं चौकीदारों को वेतन देता हूं इसलिए चौकीदारों को प्रतिदिन अंचल कार्यालय में आकर हाजिरी बनानी होगी तथा 10 से 5 तक उपस्थित रहना होगा इसके बाद से कोई भी चौकीदार थाना नहीं आ रहा है. जिसके कारण थाना का कार्य काफी प्रभावित हो रहा है. इस संबंध में चौकीदार इतने भयभीत हैं कि वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है और अंचल कार्यालय के इर्द-गिर्द ही देखे जाते हैं. नाम नहीं छापने की शर्त पर एक चौकीदार ने बताया कि साहब का कहना है कि वेतन मैं देता हूं तो हाजरी मेरे ही यहां बनाना होगा और रहना होगा. इस संबंध में अंचल अधिकारी राजू कमल से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि चौकीदार ग्रामीण पुलिस होते हैं उन्हें गांव की स्थिति का आकलन कर रिपोर्ट देना होता है.अंचल कार्यालय में नोटिस का तामिला करने के लिए परेशानी हो रही थी, इसके लिए कुछ चौकीदारों को लगाया गया है, अगर थाना प्रभारी को चौकीदारों की आवश्यकता होगी और उसे वे बुलाएंगे तो चौकीदार थाना में भी काम करेंगे।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत लाभुक के परिजनों को मिला लाभ

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने 2 लाख रुपये लाभुक के परिजनों को दिया

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)



दुमका। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक नावाडीह,सरैयाहाट के शाखा प्रबन चांदनी कुमारी एवं बैंक के उच्च अधिकारी के द्वारा गांव नवाडीह के बुधो देवी एवं ग्राम मानिकपुर के विष्णु कापरी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये बीमा का लाभ उनके परिजनों को दिया गया। बीमा का लाभ दिलाने मे बैंक सखी मनोरमा कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बैंक के उच्च अधिकारी रिजनल मैनेजर देवघर रीजन के द्वारा बताया गया अधिक से अधिक लोग एवं सखी मंडल के दीदियां प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा कराएं ताकि विषम परिस्थिति में इसका लाभ मिल सके।बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जुड़ने पर 12 रुपये प्रति वर्ष की राशि प्रीमियम के तौर पर धारक को देनी होती है।प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा 18 से 70 वर्ष उम्र के व्यक्ति करा सकते हैं।अगर कि- सी उपभोक्ता का 1 या अधिक बचत खाते हैं तब वे किसी एक बचत खाते के जरिये योजना से जुड़ सकते हैं।यदि इस योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो जाती है या फिर हादसे में दोनों आंखें या दोनो हाथ या दोनों पैर खराब हो जाते हैं, तो उसे 2 लाख रूपए मिलेंगें। इस योजना के संचालन का तरीका ठीक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसा ही है। जेएसएलपीएस के बीपीओ ब्रह्मानन्द महतो के द्वारा बताया गया कि सखी मंडल के सभी दीदियां एवं उनके परिवार के सदस्यों को भी उपरोक्त बीमा कराया जा रहा है।

## 350 लोगों को लगा कोरोना का टीका, 259 लोगों का सेंपल संग्रह



**दुमका।** जामा प्रखंड के पंचायत सचिवालय महुलबोना, उत्तक्रमित मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बारापलासी, मध्य विद्यालय सिकटिया, ताराजोरा एवं दुधानी गांव में शिविर लगाकर गुरुवार को कुल 350 लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोविशिल्ड का टीका लगाया गया। जिसमें 18 वर्ष के ऊपर के 208 युवाओं को एवं 45 वर्ष से ऊपर के 113 लोगों को कोविशिल्ड वैक्सीन लगाया गया। इस दौरान 29 हैल्थ केयर वर्कर को भी टीका लगाया गया। कैम्प में कुल 259 लोगों का सेंपल लेकर कोरोना जांच के लिए दुमका अस्पताल भेजा गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर यादव ने बताया कि तीसरे लहर की संभावना को लेकर लगातार वेक्सिनेशन जारी है। लगातार प्रयास से लोगों में जागरूकता बढ़ी है। लोग वेक्सीन लेने स्वतः केंद्र पर पहुंच रहे हैं। अभी पूरी तरह कोरोना समाप्त नहीं हुआ है इसलिए लापरवाही नही बरती जानी चाहिए आये दिन कहीं कहीं संक्रमित व्यक्ति की पहचान हो रही है और तीसरे लहर दस्तक दे रही है इसलिये अपने आप को और परिवार को सुरक्षित रखने के लिए टीका अवश्य लें। टीका ही एकमात्र संक्रमण से बचाव करने में आपकी मदद कर सकता है।

## प्रधानी नियुक्ति से संबंधित कैम्प कोर्ट का आयोजन



**दुमका/ (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** शिकारीपाड़ा प्रखंड कार्यालय के सभागार में एलआरडीसी विनय मनीष लकड़ा की अध्यक्षता में प्रधानी नियुक्ति से संबंधित कैम्प कोर्ट का आयोजन किया गया।कैम्प कोर्ट में प्रधानी नियुक्ति से संबंधित 15 मामलों की सुनवाई की गयी। 15 मामलों में से 11 मामलों को आदेश में रखा गया है। यानि 11 मामलों में नियुक्ति का आदेश पारित किया जायेगा। वहीं 4 मामलों के लिए अगला तिथि निर्धारित किया जायेगा। अगले तिथि को इन 4 मामलों की सुनवाई की जायेगी। इस अवसर पर अंचल अधिकारी शिकारीपाड़ा सहित अंचल कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## पीएम आवास योजना से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)



दुमका। जामा प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव के अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में आवास प्लस की ग्राम सभा से पारित लाभुकों की प्राथमिकता सूची तैयार करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक में मुख्य रूप से पुराने लंबित अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने और उसे बंद करने, आवास योजना में तेजी लाने में लाभुकों का पंजीकरण करने, मृत लाभुकों की सूची तैयार करने और उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कराने का निर्देश दिया गया।

बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने कहा कि आवास प्लस योजना को कार्यान्वित करने के लिए ग्राम सभा में पारित योजनाओं की प्राथमिकता सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है, साथ ही प्रखंड क्षेत्र में बहुत सारे पीएमएवाई लाभुकों की मृत्यु हो गयी है और इस कारण अनेको आवास लंबित है ऐसे लाभुकों से अपने अपने क्षेत्र में स्वयंसेवको को निर्देश दिये गए कि वे लाभुकों से संपर्क स्थापित कर पंचायत सचिव से मृत्यु प्रमाण निर्गत करा कर आश्रितों का पंजीकरण कराये ओर योजना को पूर्ण कराएं। साथ ही लंबित योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिए गए। मौके पर प्रखंड समन्वय दिनेश कुमार गुप्ता सहित पंचायत स्वयंसेवक मौजूद थे।

## स्त्री पुरुषों को परिवार कल्याण के संबंध में विस्तृत जानकारी



**दुमका (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में आयोजित परिवार स्वास्थ्य मेला का समापन शनिवार को होगा. इस मेले का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लखन सोरेन की निगरानी में 11 जुलाई से प्रारंभ हुआ जो 24 जुलाई को समाप्त होगा. स्वास्थ्य मेला में एएनएम नमिता साहा रीना मुर्मू एवं आशा सुनीता टुडू को तैनात किया गया है, इनके द्वारा मेला में पहुंचने वाले सभी स्त्री पुरुषों को परिवार कल्याण के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ गर्भ निरोधी दवाइयां भी वितरित की गई एव महिलाओं को कॉपर टी लगाया गया प्रभारी डॉ लखन सोरेन ने बताया कि यदि सरकार द्वारा मेला की अवधि बढ़ाई जाती है तो मेला आगे भी जारी रह सकता है.

# बीआरपी, सीआरपी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)



**दुमका।** जामा प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन जामा में शुक्रवार को बीईईओ लीला कुमारी की अध्यक्षता में बीआरपी, सीआरपी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नीति आयोग से संबंधित मांगी गई 2020-21 में नया नामांकन का सीआरपी द्वारा प्रस्तुत वर्गवार, कोटिवार एवं जातिवार समेकित प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। इसके अलावा कक्षा आठवीं से नवीं में उत्तीर्ण नामांकित तथा पांचवीं से छठी कक्षा में प्रवेश करने सम्बंधित ट्रांजिशन प्रतिवेदन, टीचर्स आईडी, प्रबंध पोर्टल, स्कूल बिल्डिग संबंधित संकुल वार जानकारी प्राप्त किया गया। बीईईओ ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन करना है इसके लिए फॉर्मेट जारी कर दिया गया है और विद्यालय में नया नामांकन दाखिल किया जा रहा है ऐसे में शिक्षकों को विद्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है यदि किसी विद्यालय में शिक्षक अनुपस्थित पाये जाएंगे तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बीपीओ बिनोद कुमार, बीआरपी वीरेंद्र नारायण अम्बष्ठ, ब्रेजेश कुमार, मुनेश्वर मंडल, संजय कुमार, शेखर कुमार अमरेन्द्र कुमार झा, प्रताप कुमार विष्णु कुमार पाल, घनश्याम राउत, मनोज साह, रविंद्र कुमार, प्रेम कुमार सुबोध कुमार, आर के दर्वे आदि उपस्थित थे।



# तनाव तो नहीं पेट की गड़बड़ी का कारण?

**तनाव** शरीर के अलग-अलग अंगों पर प्रभाव डालता है। पेट भी इससे अछूता नहीं रहता। इरिटेबल बाउल सिंड्रोम पेट की एक आम समस्या है, जो बड़ी आंत पर असर डालती है। होमियोपैथी एवं मेटाफिजिक्स एक्सपर्ट डॉ. रश्मि अरोड़ा के अनुसार आमतौर पर पेट की समस्याओं से परेशान रहने वालों में तनाव एक बड़ा कारण पाया गया है। क्या हर तरह का तनाव रोग का कारण बनता है? उत्तर है नहीं। अप्रत्याशित तनाव, जिससे पहली बार सामना होता है या उस स्थिति में जब व्यक्ति को तनाव से दूर होने का तरीका नहीं सूझता, तब पेट पर इसका असर पड़ता है। नतीजतन कुछ को इरिटेबल बाउल सिंड्रोम (आईबीएस) की समस्या हो जाती है।

**तनाव और आइबीएस:** मेटा हेल्थ की नजर से आईबीएस या स्पास्टिक कोलोन लंबे अरसे तक चलने वाली बीमारी होती है, जिसमें बड़ी आंत प्रभावित होती है। आईबीएस में आमतौर पर लक्षण के तौर पर पेट में मरोड़ उठना, पेट दर्द, पेट फूलना, गैस और डायरिया या कब्ज की समस्या होती है। आईबीएस से ग्रस्त अधिकतर व्यक्तियों में तनाव ने घर कर लिया होता है या फिर वे बार-बार तनावपूर्ण स्थितियों से दो-चार होते रहते हैं।



**तनाव की यात्रा:** इरिटेबल बाउल सिंड्रोम से ग्रस्त व्यक्ति में चिड़चिड़ाहट, अधीरता और क्रोध की अधिकता होती है, जो आंत की सूजन का कारण बनती है। सूजन यानी आकार का बढ़ना। क्रोध की अभिव्यक्ति के समय आंखें चौड़ी हो जाती हैं और नाक फूल जाती है। वैसे ही अंदर दबा गुस्सा अंदर के अंग यानी आंत के आकार को बढ़ाता है। मेटा हेल्थ की दृष्टि से इरिटेबल बाउल सिंड्रोम उनको होता है, जिनमें कोई क्रोध दबा हुआ होता है और वह उसे बाहर अभिव्यक्त करने की इच्छा नहीं रखते। रोगी के अवचेतन में यह विचार होता है कि वह इस क्रोध को दूर नहीं कर सकता। मस्तिष्क में आंत संबंधी समस्याएं ब्रेन स्टेम में दर्ज होती हैं और सुलझाई जाती हैं। आईबीएस को बढ़ाने वाली स्थितियां, जिन्हें हम ट्रिगर इवेंट्स कह सकते हैं, व्यक्ति के माहौल में होती हैं। यह शुरू होता है एक बड़े झटके से, फिर उससे तनाव होता है। कई बार तनाव की पहली स्थिति खत्म नहीं होती कि दूसरी शुरू हो जाती है और इस तरह आईबीएस पनपता है।

**उपचार का तरीका:** आईबीएस से ग्रस्त लोगों का सबसे बड़ा विश्वास यह होता है कि अगर उन्होंने उस विशिष्ट स्थिति को अभिव्यक्त किया तो उनके सामान्य जीवन में समस्याएं आ जाएंगी। लोग उनके बारे में नकारात्मक सोच सकते हैं। मेटा हेल्थ अप्रोच के माध्यम से लंबे समय से पेट की गड़बड़ी से जूझ रहे लोगों के ऐसे नकारात्मक अनुभवों की खोज की जाती है। उस अनुभव से संबंधित उनके नजरिए को संकीर्ण की बजाय विस्तार देने की कोशिश की जाती है, ताकि वे उस अनुभव से संबंधित अपने गुस्से या भावनाओं को प्रदर्शित कर सकें। उनके भय को खत्म कर उन लोगों के आत्मविश्वास को मजबूत बनाने की कोशिश की जाती है। यह कुछ महीनों तक चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें थेरेपी और दवाई एक साथ चलते हैं।

## थ्री डी प्रिंटिंग से बनेंगी हड्डियां...




**3 डी** प्रिंटिंग को लेकर कई तरह के रिसर्च चल रहे हैं। इससे अब मानव अंग बनाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। हाल ही में अमेरिका के जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी में भी इस पर एक रिसर्च किया गया है। वहां ऐसे मेटेरियल पर रिसर्च चल रहा है, जिसकी मदद से 3डी प्रिंटिंग के जरिए नई हड्डियां बनाई जा सके। इससे पहले 3डी प्रिंटिंग के जरिए जो भी हड्डियां बनाई गई हैं, वे पूरी तरह से कृत्रिम थीं। मगर अब जो हड्डियां तैयार की जा रही हैं, उनके मेटीरियल में 30 प्रतिशत मानव हड्डियां मिली हुई हैं। इसमें बायोडीग्रेडेबल पॉलिएस्टर का इस्तेमाल हुआ है। कृत्रिम चीजों के इस्तेमाल से हमारा शरीर प्लास्टिक की चीज से तालमेल नहीं बैठा पाता है, मगर यदि इसमें बोन पाउडर का प्रयोग होता है, तो यह शरीर की कोशिकाओं को आकर्षित करता है और उसके आसपास नेचुरल टिश्यू बन जाते हैं। इस मेटेरियल का यूज करके इसे किसी भी हड्डी का शेप दिया जा सकता है। अब डॉक्टरों की निर्भरता दूसरों द्वारा दान की हुई हड्डियों पर नहीं होगी। इस रिसर्च में चूहे की खोपड़ी में छोटा-सा छेद कर दिया गया। अब उस छेद को 3डी प्रिंटेड मेटीरियल से भर दिया गया है। इसके साथ में ही स्टेम सेल का भी प्रयोग किया गया। अब उसके ठीक होने की प्रक्रिया पर नजर रखी गई। पता चला कि पूरी तरह से कृत्रिम चीजों से बनी हड्डियों की तुलना में इन नई हड्डियों के आस-पास नए टिश्यू का ग्रोथ अधिक हुआ था।

## क्लॉथ फोल्डिंग मशीन...



अक्सर हम लोग घरों में देखते हैं कि ज्यादातर कपड़े इधर-उधर बिखरे रहते हैं जिन्हें संभालने के लिए महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बात पर ध्यान देते हुए फोल्डीमेट कंपनी ने एक ऐसी आटोमेटिक क्लॉथ फोल्डिंग मशीन विकसित की है जो घर में आपके कपड़ों को संभालने में मदद करेगी। इस मशीन में आपको बस इसके क्लिप पर अपनी टी-शर्ट और पेंट को टांगकर इसे ऑन करना होगा, जिसके बाद यह मशीन रोबोटिक हैंड की मदद से कपड़े को अंदर खींच लेगी और उसे सही तरीके से फोल्ड कर देगी। इसके नेक्सट प्रोसेस में कपड़े को स्टीम ट्रीटमेंट और इस पर परफ्यूम स्प्रे किया जाएगा। इसके बाद कुछ ही समय में इसकी स्क्रीन पर ट्रे फुल शो होगा और प्रेस किए गए कपड़े इस मशीन से बाहर आ जाएंगे। इसके क्रिएटर्स का कहना है कि यह मशीन आपके कपड़ों को दोगुनी तेजी से प्रेस कर देगी। उम्मीद की गई है कि इस मशीन को अगले साल तक बिक्री के लिए उपलब्ध किया जाएगा।



घूमने के लिए इनसान की सीमाएं फिलहाल पृथ्वी तक ही सीमित है, जिसे बढ़ाने के लिए कई देशों के वैज्ञानिक, स्पेस एजेंसियां और निजी कंपनियां पिछले कई दशकों से जुटी हैं। हाल में इस दिशा में कुछ नई कामयाबी हासिल हुई है, जिसके आधार पर उम्मीद जताई जा रही है कि इन्सान के पर्यटन का दायरा अब अन्य ग्रहों तक विस्तार ले सकता है।


# अब स्पेस टूरिज्म की ओर...

**धरती** से आगे कहीं घूमने जाने की योजना बना रहे हैं, तो बस तैयार हो जाइए तारों और ग्रहों की दूसरी दुनिया के सैर पर जाने के लिए। हम अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन की ओर से कराये जाने वाले उस सैर-सपाटे की बात कर रहे हैं, जो धरती पर नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में की जा सकती है। नासा का कहना है कि हम सबसे पहले बृहस्पति ग्रह की ओर बढ़ रहे हैं और यह बेहद रोमांचक भी है। सौरमंडल की अविश्वसनीय घटनाओं को बिलकुल पास से देखना चाहेंगे? या फिर अपने ग्रहों के चारों ओर की खूबसूरती, शुक्र पर होने वाली अम्ल वर्षा, पृथ्वी से तीन गुना बड़े ग्रह बृहस्पति के चारों ओर उठते तूफान और पड़ोसी चंद्रमा व दूसरे ग्रहों के अद्वितीय सौंदर्य का अनुभव करना चाहेंगे? यदि हां, तो इसके लिए आप भी अंतरिक्ष में सैर की योजना बना सकते हैं। यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि स्पेस टूरिज्म यानी अंतरिक्ष पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से रोमांचक अनुभवों का दावा करने वाले कुछ आकर्षक पोस्टर भी जारी किये हैं। कोई भी व्यक्ति किराया चुका कर अंतरिक्ष भ्रमण का रोमांचक आनंद उठा सकता है, जो एक सपना साकार करने जैसा होगा। अंतरिक्ष सैर-सपाटे के लिए अंतरिक्ष यानों-शटलों की विभिन्न तरह की डिजाइनों पर न केवल काम शुरू हो चुका है, बल्कि कुछ के परीक्षण भी किए जा चुके हैं।

## यात्रा 2018 में संभावित

नासा ने बीते साल 14 दिसंबर से मध्य फरवरी, 2016 तक अंतरिक्ष यात्रा के लिए मंगल ग्रह पर जाने के लिए इच्छुक योग्य व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये थे। इसके लिये नासा ने अंतरिक्ष यात्री द्वारा बनाया गया अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का दिलचस्प वीडियो भी जारी किया है। खास बात यह है कि मंगल ग्रह पर जाने के लिए तत्पर आवेदकों की संख्या काफी चौंकाने वाली है। कुल 18,300 आवेदकों में से 8 से 14 यात्रियों को चुना जाना तय किया गया है। ट्रेनिंग के बाद उन्हें वहां भेजने के लिए तैयार किया जायेगा। उनकी यह यात्रा वर्ष 2018 में संभावित है। अंतरिक्ष अभियानों के लिए नासा अलग-अलग क्षेत्रों से योग्य अमेरिकी नागरिकों का चयन करती है। इनमें पायलट से लेकर इंजीनियर और वैज्ञानिक से लेकर डॉक्टर या फिर उसकी शर्तें पूरी करने वाला कोई भी सामान्य नागरिक हो सकता है।

## एयर टैक्सियों से यात्रा



स्पेस में सैर के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अंतरिक्ष यान-शटल को खास तरह से डिजाइन किया गया है। इसमें स्पेस टैक्सी स्पोर्ट्स कार की तरह छह सीटों वाली होंगी। नासा के कॉमर्शियल क्रू प्रोग्राम के अध्यक्ष केस ल्यूडर्स के अनुसार, ये टैक्सियां विमान बनाने वाली कंपनी 'बोइंग' और दूसरी कंपनी 'स्पेसएक्स' द्वारा बनाई जा रही हैं। बोइंग द्वारा बनायी जानेवाली टैक्सी 'सीएसटी100' है, जबकि स्पेसएक्स द्वारा बनायी जानेवाली टैक्सी का नाम 'ड्रेगन' रखा जाना है। ये यान न केवल अंतरिक्ष यात्रियों को 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन' तक लाने और ले जाने का काम करेंगे, बल्कि वहां उनके लिए जरूरी सामान भी मुहैया करवाएंगे। इसके लिए इन यानों की सेवाएं 2017 से शुरू हो सकती हैं। इन यानों में ईंधन के रूप में ऑक्सीजन और इथेनॉल के मिश्रण का इस्तेमाल किया जायेगा, जबकि अन्य यानों में हाइड्रोजन पैराक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड गैस के इस्तेमाल का प्रयोग की जांच-परख जारी है।

## ये लोग जाएंगे स्पेस में

इस बारे में नासा के प्रशासक और पूर्व अंतरिक्ष यात्री चार्ली बोल्डेन का कहना है कि चुने गये अमेरिकी धरती से अंतरिक्ष यानों के जरिये उड़ान भरेंगे और इस समूह में कुछ विशेष प्रतिभाशाली पुरुष और महिलाओं को चुना जायेगा। अमेरिकी यान से अंतरिक्ष की ओर शुभारंभ करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि चुने गये प्रतिभागियों को अंतरिक्ष विमान तंत्र, स्पेस वॉकिंग और टीम वर्क का कड़ा प्रशिक्षण दिया जायेगा। उसके बाद ही प्रशिक्षण पूरा होने पर अलग-अलग अंतरिक्ष यानों में से किसी एक पर भेजा जायेगा। सफल प्रतिभागियों की घोषणा वर्ष 2017 के मध्य तक की जायेगी।

## क्यों खास है स्पेस टूरिज्म

स्पेस टूरिज्म के प्रति आकर्षण के कई कारण हैं। जैसे अंतरिक्ष से दिखनेवाली सबसे खूबसूरत नीली धरती को देखने का आनंद और जीरो ग्रेविटी की अनुभूति के साथ अंतरिक्ष की रोमांचक घटनाओं का अनुभव होने के साथ इससे वैश्विक 'स्टेटस सिंबल' भी हासिल होगा । यही कारण है कि अंतरिक्ष की सैर के सपने पूरे करने वाले आवेदकों की संख्या वर्ष 1978 में 8000 की तुलना में दोगुनी से भी अधिक हो गई है।



## अंतरिक्ष में होटल

ऑर्बिटल टेक्नोलॉजीज नाम की रूसी कंपनी ने अंतरिक्ष में होटल स्थापित करने की भी योजना बनाई है। यह कंपनी वर्ष 2030 तक मंगल ग्रह पर जानेवाले अंतरिक्ष पर्यटकों को आकर्षक सुविधा देने की घोषणाएं करेगी। सरकारी सहयोग से चलने वाली इस कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सरगई कोस्तेंको के अनुसार, यह महत्वाकांक्षी योजना एक ऐसे आरामदायक होटल की है, जिसका पहला मॉड्यूल करीब 20 घनमीटर का होगा और इसमें सात पर्यटक रह सकेंगे । हालांकि यहां महज पांच दिन बिताने के लिए यात्रियों को करीब 10 लाख डॉलर खर्च करने होंगे।

## अंतरिक्ष पर्यटन के पोस्टर

हाल में ही में नासा ने अंतरिक्ष पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'भविष्य के सपने' का दावा करते हुए 14 विंटेज यात्रा के आकर्षक पोस्टर जारी किए हैं। इसे नासा की जेट प्रोपल्सन लेबोरेटरी ने वर्ष 2016 के कैलेंडर के रूप में बनाया है, जो केवल नासा के कर्मचारियों, वैज्ञानिकों, इंजीनियरों को बांटे जायेंगे। जेपी एल्ल इसकी डिजिटल प्रतियां हर माह के हिसाब से जारी करेंगी, लेकिन कोई भी व्यक्ति इस फर्म की वेबसाइट से हार्ड कॉपी के रूप में इसे खरीद सकता है । इन पोस्टर में महीने के हिसाब से अलग-अलग विषय रखे गये हैं, जिनमें से एक 'द ग्रेड टूर' नासा के वॉयजर मिशन को दर्शाता है। इस मिशन पर नासा ने हर ग्रह की गुरूत्वाकर्षण के हिसाब से प्रत्येक स्पेसक्राफ्ट की गति को निर्धारित कर दिया था, ताकि स्पेसक्राफ्ट सौरमंडल की सीमाओं से परे जा सके। इस पोस्टर का नामकरण इन्हीं बातों को ध्यान में रख कर किया गया । एक अन्य पोस्टर 'इनसोलाडस' में शनि ग्रह के चंद्रमा को दिखाया गया है, जहां 100 से अधिक झरने हैं।

## 2001 में हुई थी शुरुआत

दो करोड़ डॉलर की टिकट लेकर अंतरिक्ष में सैर पर जानेवाले पहले अंतरिक्ष पर्यटक अमेरिका के एक व्यवसायी डेनिस टीटो थे । 28 अप्रैल, 2001 को उन्हें अमेरिका की कंपनी एक कंपनी स्पेस एडवेंचर लिमिटेड द्वारा रूसी अंतरिक्ष एजेंसी के सहयोग से स्पेस में भेजा गया था। उनकी 10 दिवसीय रोमांचक यात्रा 6 मई, 2001 को खत्म हुई थी और वे सकुशल पृथ्वी पर लौट आये थे। आज भी किराया चुका कर अंतरिक्ष पर्यटन करवाने वाली एकमात्र संस्था यही है। टीटो के बाद दक्षिण अफ्रीका के कंप्यूटर उद्योगपति मार्क शटलवर्थ ने 25 अप्रैल से 5 मई 2002 तक अंतरिक्ष की सैर की, तो तीसरे अंतरिक्ष पर्यटक के तौर पर ग्रेगरी ओल्सेन एक अक्टूबर से 11 अक्टूबर, 2005 तक का समय गुजारते हुए कुछ प्रयोग भी किये। दुनिया के पहले स्पेस टूरिस्ट के रूप में प्रसिद्ध हो चुके टीटो करीब 500 दिनों की मंगल ग्रह की यात्रा पर जाने की तैयारी कर चुके हैं। उम्मीद जताई गई है कि जनवरी, 2018 में एक स्वयंसेवी संस्थान 'इंस्पिरेशन मार्स फाउंडेशन' के तहत वे मंगल की यात्रा पर जा सकते हैं। अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने के सबसे क़रीब आपको 'स्पेस एडवेंचर' कार्यक्रम ले जाता है, जिसके अंतर्गत प्रतियोगी को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में दस दिनों तक रहने का मौका मिलता है और इसके लिए उसे चुकाने पड़ेंगे करीब दो अरब 75 करोड़ रुपए।



## वर्जिन गेलेक्टिक की वापसी



अंतरिक्ष पर्यटन की दौड़ में वर्जिन गेलेक्टिक की वापसी हो चुकी है। अगर इस परियोजना में सबकुछ ठीक-ठाक रहा, तो छह लोगों को अंतरिक्ष में पहुंचाने की क्षमतावाले स्पेसक्राफ्ट में विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रोफेसर स्टीफन हॉकिंग के भी अंतरिक्ष पर्यटक बनने की इच्छा है। अपनी यह इच्छा उन्होंने वर्जिन गेलेक्टिक के नये वीएसएस यूनिट के नये स्पेसशिप टू क्राफ्ट के अनावरण के दौरान जताई थी। वर्जिन के मालिक रिचर्ड ब्रैनसन ने इस मौके पर कहा, 'हम नये अंतरिक्ष युग में प्रवेश कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि हमें एक नयी वैश्विक एकता बनाने में मदद मिलेगी ।' प्रोफेसर स्टीफन हॉकिंग ने कहा, 'यदि मैं अंतरिक्ष में जाने के योग्य और सक्षम हूं और रिचर्ड मुझे वहां ले जाना चाहें, तो मुझे स्पेसशिप में उड़ान भरने पर गर्व होगा ।' इस स्पेसक्राफ्ट को इस तरह से डिजाइन किया गया है, ताकि इसमें बैठे यात्रियों को स्पेस की उप-कक्षा में पांच मिनट तक के लिए ले जा सके। इस लिहाज से इसमें यात्रा करनेवाले पर्यटक को कुछ समय तक अंतरिक्ष का नजारा देखने का अनुभव होगा, जो नासा के अंतरिक्ष पर्यटन के उस नजारे से कुछ अलग होगा, जिन्होंने वहां दस दिन तक गुजारे हैं। इसके लिए काफी महंगी टिकट रखी गयी है, जो 2,50,000 डॉलर है ।

# क्यों मात खा गया वीचैट...?

**हर** स्मार्टफोन यूजर फेसबुक और व्हाट्सऐप से वाकिफ है। फेसबुक मैसेंजर भी लोगों के बीच काफी पसंद किया जाता है, लेकिन अगर वही सवाल आप वीचैट के बारे में पूछेंगे, तो लोग उसके बारे में शायद कम जानते होंगे। दुनिया भर में 76 करोड़ से भी ज्यादा लोग वीचैट इस्तेमाल करते हैं, लेकिन उसके बाद भी मैसेजिंग की दुनिया में व्हाट्सऐप बेताज बादशाह है। व्हाट्सऐप के 100 करोड़ से वो बहुत पीछे नहीं है। अपने स्मार्टफोन पर मानो सभी लोग व्हाट्सऐप को जगह जरूर देते हैं, लेकिन वीचैट के लिए वह जगह बनाना मुश्किल हो रहा है। चीन के अंदर वीचैट बेझिझक पहले स्थान पर है, लेकिन कई वजहों से वो दुनिया भर में अपनी छाप नहीं बना पा रहा है।



## क्या है वजह

वर्ष 2012 में जब वीचैट अलग-अलग देशों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहा था, तो हर कहीं किसी न किसी चैट ऐप ने अपनी जगह बना ली थी।अमरीका में व्हाट्सऐप, इंडोनेशिया में ब्लैकबेरी मैसेंजर और भारत में भी व्हाट्सऐप काफी पसंद किया जाने लगा था। वीचैट ने चीन पर ध्यान देकर दूसरे देशों में वैसे ही प्रोडक्ट लांच नहीं किए, जैसे कि चीन में अगर आप वीचैट इस्तेमाल कर रहे हैं तो उसने कई गेमिंग कंपनियों के साथ करार किया है, जिससे कि आप गेम भी खेल सकते हैं, ऐसा दूसरे देशों में नहीं किया गया है।

## व्हाट्सऐप ने क्या किया

वीचैट के मुकाबले व्हाट्सऐप ने टेक्स्ट और वॉइस पर ध्यान दिया और जल्दी ही वीडियो कॉलिंग लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। वीचैट इस मामले में पीछे नहीं रहा है, लेकिन फिर भी वो मात खा गया। मैसेजिंग के बाजार में एक बार किसी कंपनी ने ग्राहकों का दिल जीत लिया तो उसके बाद उसे हटाना बहुत मुश्किल होता है। आपके सभी दोस्त अगर व्हाट्सऐप पर होंगे तो आपके वीचैट पसंद करने से कुछ नहीं होगा। ब्लैकबेरी मैसेंजर के साथ शुरुआत में ऐसा ही हुआ था, लेकिन बाद में कंपनी की हालत खराब हो गई। मैसेंजर तब सभी ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ तब नहीं मिलता था। ब्लैकबेरी ने उसे बदलने की कोशिश की पर तब तक काफी देर हो चुकी थी।

# लो ब्लड प्रेशर होने पर तुंरत करें ये काम

लो ब्लड प्रेशर में ब्लड प्रेशर 90 से भी कम हो जाता है। इसकी वजह से शरीर के दूसरे अंग भी प्रभावति होते हैं। नमक का पानी पीने से ब्लड प्रेशर सामान्य हो जाता है। कैफीन के अलावा लेमन जूस, किशमिश, तुलसी फायदेमंद है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए दिल का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। लेकिन वर्तमान में अनियमित खानपान और अस्वस्थ दिनचर्या के कारण उच्च रक्तचाप और निम्न रक्तचाप की समस्या बढ़ रही है। जब किसी के शरीर में रक्त-प्रवाह सामान्य से कम हो जाता है तो उसे लो ब्लड प्रेशर कहते हैं। सामान्यत: ब्लड प्रेशर 120/80 होता है। यदि ब्लड प्रेशर 90 से कम हो जाए तो उसे लो ब्लड प्रेशर कहते हैं। इसे अगर गंभीरता से न लिया जाए तो इसका असर शरीर के दूसरे अंगों पर पड़ता है। ऐसे में शरीर में ब्लड का दबाव कम होने से आवश्यक अंगों तक पूरा ब्लड नही पहुंच पाता जिससे उनके कार्यों में बाधा पहुंचती है। ऐसे में दिल, किडनी, फेफड़े और दिमाग आंशिक रूप से या पूरी तरह से काम करना भी बंद कर सकते हैं। लो ब्लड प्रेशर की समस्या होने पर तुरंत ये काम करें।

## नमक का पानी

नमक का पानी लो ब्लड प्रेशर के लिए बड़े काम का है। इससे ब्लड प्रेशर सामान्य हो जाता है। नमक में सोडियम मौजूद होता है और यह ब्लड प्रेशर बढ़ाता है। ध्यान रहे, नमक की मात्रा इतनी भी ना दें कि इससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़े। बहुत ज्यादा मात्रा में नमक सेहत के लिए फायदेमंद नहीं माना जाता। कम ब्लड प्रेशर में एक गिलास पानी में डेढ़ चम्मच नमक मिलाकर पी सकते हैं।

## कैफीन का सेवन करें



कॉफी भी बड़े काम की है। ब्लड प्रेशर कम होने पर स्ट्रांग कॉफी, हॉट चॉकलेट, कोला और कैफीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से रक्तचाप सामान्य हो जाता है। यदि आपको अक्सर निम्न रक्तचाप रहता है तो आपको रोजाना सुबह एक कप कॉफी पीना चाहिए। लेकिन यह भी ध्यान रखें कि इसके साथ कुछ न कुछ जरूर खाएं।

## फायदेमंद है किशमिश



किशमिश को पारंपरिक आयुर्वेदिक दवा के रूप में देखा जाता है। लो ब्लड प्रेशर होने पर किशमिश खाना बहुत फायदेमंद होता है। रात में 30 से 40 किशमिश भिगो दें और सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। जिस पानी में किशमिश भिगोई थी आप उस पानी को भी पी सकते हैं। महीने में आप ऐसा एक बार कर सकते हैं। इसके अलावा एक गिलास दूध में 4-5 बादाम, 15-20 मूंगफली और 10 से 15 किशमिश भी मिलाकर ले सकते हैं।

## गुणकारी है तुलसी



तुलसी कम होते ब्लड प्रेशर को सामान्य करने में मददगार साबित होती है। इसमें विटामिन सी, पोटैशियम, मैग्नीशियम जैसे कई तत्व पाए जाते हैं जो दिमाग को संतुलित करते हैं और तनाव को भी दूर करते हैं। जूस में 10 से 15 पत्तियां डाल दें। एक चम्मच शहद डाल दें और रोजाना खाली पेट इसका सेवन करें।

## लेमन जूस पिएं

लेमन जूस उच्च रक्तचाप में काफी फायदेमंद होता है लेकिन ये निम्न रक्तचाप में भी फायदेमंद होता है। जब डीहाइड्रेशन की समस्या हो तो यह बहुत ही उपयोगी है। कई बार लेमन जूस में हल्का सा नमक और चीनी डालकर पिया जा सकता है। इससे शरीर को एनर्जी मिलेगी। साथ ही लीवर भी सही से काम करता है।

हेल्दी खानपान और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने से भी लो ब्लड प्रेशर की समस्या नहीं होती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136)